खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22° C
न्यूनतम : 12° C

मुरादाबाद, रविवार 12 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 236 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 23 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुद्दा बनाया पेज 2



जीत का लक्ष्य बरकरार रखने उतरेगी एलएसजी खेल टाइम्स



नुसरत का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान बॉलीवुड



ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन पेज 11

## हिजबुल्लाह का इजरायली सैन्य ठिकानों पर हमला

**इस्लामाबाद।** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजरायल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल अटैक किए। जवाब में इजरायल ने लेबनान के कई ठिकानों पर हमला किया।

इजरायल ने साफ कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर पर बातचीत नहीं करेगा। इससे पहले खबरें थीं कि अमेरिका में इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच इस मुद्दे पर बैठक हो सकती थी। इसी बीच, ईरान ने कहा कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी। गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

# इस्लामाबाद के सेरेना होटल पर दुनिया की निगाहें

## सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू , ईरान की मांग- लेबनान पर तुरंत हमले बंद हों

**■ बातचीत का पहला राउंड 2 घंटे तक चला, इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधाानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू हो गया है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की।

इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।



**■ मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है सेरेना होटल**

इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर वार्ता हो रही है। यह होटल शहर के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। सेरेना होटल अपनी मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है। यहां आने-जाने के हर रास्ते पर कड़ी जांच होती है और कई लेयर में सिक्योरिटी लगी रहती है। यह होटल प्रधानमंत्री आवास और संसद जैसे अहम सरकारी जगहों के पास है, जिससे नेताओं और अधिकारियों के लिए यहां आना-जाना आसान और सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि बड़ी और संवेदनशील मीटिंग्स के लिए इसे चुना जाता है। करीब 6 हेक्टेयर में फैले इस होटल में 400 से ज्यादा कमरे, बड़े कॉन्फ्रेंस हाल और आफिस स्पेस हैं। यहां एक साथ 150 से ज्यादा लोगों की टीम आराम से रुक सकती हैं

## संक्षिप्त समाचार

### होर्मुज में व्यवधान के बीच ईंधन भरने अमेरिका आ रहे जहाज: ट्रम्प का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के साथ जंग के बीच ईंधन संकट को लेकर नया बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज में व्यवधान के बीच कई बड़े जहाज तेज और गैस भरवाने के लिए अमेरिका की तरफ आ रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में लिखा, दुनिया के सबसे बड़े खाली तेल टैंकर बड़ी संख्या में अमेरिका की तरफ बढ़ रहे हैं। इन टैंकरों पर दुनिया के सबसे बेहतरीन और अच्छे तेल तथा गैस को लोड किया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अमेरिका के पास दो सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों की तुलना में अधिक तेल भंडार है। यह तेल उच्च गुणवत्ता वाला भी है। विशालकाय खाली तेल टैंकरों के अमेरिका की तरफ बढ़ने के दावे के समर्थन में उन्होंने भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे ट्रुथ सोशल पर एक नक्शा भी साझा किया। इसके करीब आठ घंटे बाद शनिवार शाम को ट्रम्प ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, तेल-गैस भरवाने आ रहे जहाजों में कुछ दुनिया में सबसे बड़े हैं।

### मोस्ट वांटेड अपराधी साहिल बैंकॉक से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के एक मोस्ट वांटेड अपराधी को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से भारत वापस लाया गया है। वह अपराधी साहिल चौहान विदेश भाग गया था। इस कार्रवाई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और इंटरपोल की मदद से अंजाम दिया गया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से हमने 10 अप्रैल को वांछित फरार अपराधी साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक भारत वापस लाने का इंतजाम किया है। हरियाणा पुलिस को हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े कई मामलों में साहिल चौहान की तलाश थी। वह कुख्यात भूप्पी राणा गैंग का एक प्रमुख सदस्य है, जो हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में सक्रिय है। 4 जनवरी 2017 को चौहान ने कथित तौर पर जगाधरी कोर्ट परिसर यमुनानगर, हरियाणा में गैंग रंजिश के चलते मोनू राणा पर उस समय फायरिंग की थी, जब उसे लंबित आपराधिक मामलों में सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया था।

# वोट देना-चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं

## ये वैधानिक अधिकार हैं, चुनाव लड़ने के लिए योग्यता शर्तें जरूरी हैं : सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर स्पष्ट किया है कि वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं हैं, बल्कि ये वैधानिक अधिकार हैं। यह अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने की जिसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं। हालांकि, ये दोनों अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनका स्रोत संविधान के बजाय कानूनों में निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वोट देने और चुनाव लड़ने के अधिकार में मूलभूत अंतर है। मतदान का अधिकार नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का मौका देता है, जबकि चुनाव लड़ने का अधिकार अधिक कड़े नियमों और शर्तों के अधीन होता है। इसमें उम्मीदवार की योग्यता, अयोग्यता, प्रशासनिक आवश्यकताएं और संस्थागत नियम शामिल होते हैं। इसलिए चुनाव लड़ना एक नियंत्रित प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न कानूनी मानदंड लागू होते हैं। दरअसल मामला राजस्थान के जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के चुनावी नियमों से संबंधित था। इन संघों का संचालन तीन-स्तरीय ढांचे के अनुसार होता है और इनके लिए राज्य कानूनों तथा बायलाज के माध्यम से उम्मीदवारों की पात्रता तय की जाती है। इन नियमों में दूध की आपूर्ति, गुणवत्ता, संघ की वित्तीय स्थिति और ऑडिट जैसे मानदंड शामिल थे। कुछ सहकारी समितियों ने इन नियमों को चुनौती देकर राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 2015 में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने इन बायलाज को अवैध बताकर रद्द कर दिया, जबकि पहले हुए चुनावों को वैध बनाए रखा। बाद में 2022 में डिविजन बेंच ने भी फैसले को बरकरार रखा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के तर्कों से असहमति जताकर कहा कि इस प्रकार की रिट याचिकाओं की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया कि इस तरह के मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप सीमित होना चाहिए, जब तक कि कोई स्पष्ट संवैधानिक उल्लंघन न हो।



**■ यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं: शीर्ष अदालत**

### सीजेआई सूर्यकांत बोले: इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है। सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना, ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई-काठमांडू फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाइट की ईंधन कमी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

**■ ईंधन कमी के चलते लेना पड़ा फैसला, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए**

राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब दुबई से काठमांडू जा रही एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट की अचानक इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, विमान में ईंधन की कमी के चलते यह निर्णय लिया गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी 154 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह फ्लाइट दुबई से नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान तकनीकी और परिचालन कारणों के चलते विमान के पायलट को ईंधन की स्थिति को लेकर चिंता हुई। स्थिति को देखते हुए पायलट ने नजदीकी सुरक्षित हवाई अड्डे पर लैंडिंग की अनुमति मांगी, जिसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट को चुना गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से अनुमति मिलने के बाद विमान को प्राथमिकता के आधार पर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। जैसे ही इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिली, एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। रनवे को तत्काल खाली कराया गया और आपातकालीन सेवाओं को तैयार रखा गया।

## धन शोधन जांच में 6.3 करोड़ रुपये जब्त किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लि. (ईआईएल) और उसकी समूह संस्थाओं से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान चलाकर 6.3 करोड़ रुपये की नकदी, 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण, चांदी की सिल्लियां और लग्जरी घड़ियां जब्त की हैं।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह छापेमारी गुरुग्राम और दिल्ली में अर्थ ग्रुप के निदेशकों, प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं से जुड़े 10 ठिकानों पर की गई। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने लगभग 6.3 करोड़ रुपये नकद और करीब 7.5 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषणों के साथ-साथ चांदी की सिल्लियां और कीमती घड़ियां भी जब्त कीं। धन शोधन की यह जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) के अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इसके निदेशकों और संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और साजिश के लिए आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज पांच एफआईआर के तहत की गई है। इसके अतिरिक्त, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने भी अर्थ ग्रुप के प्रमोटरों/ निदेशकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

## मणिपुर में बंगाल के बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4.30 बजे गोली लगी। गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन बीएसएफ में तैनात थे। फरवरी में दो समुदायों के बीच हुई जातीय झड़पों के बाद कुकी गांव मोंगकोट चेपू और पड़ोसी तांगखुल नागा इलाके में गोलीबारी होती रही हैं।

## लेफ्ट की कार्बन कॉपी बनी टीएमसी: मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब भय से ऊब चुकी है और भरोसे की ओर बढ़ रही है।

घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, कट मनी और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है।

बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेग पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

## महाराष्ट्र के मंत्री का हेलीकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा

**पुणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल शनिवार को बड़े हादसे से बच गए। पुणे के पुरंदर इलाके में उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड की बजाय कार पार्किंग में उतरा। हेलीपैड वहां से एक किलोमीटर दूर था। पुणे प्रशासन ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था, पर पायलट ने पार्किंग की खाली जगह को लैंडिंग साइट समझ लिया। उस समय जगह खाली थी, जिससे भ्रम की आशंका है। घटना तब जब भुजबल पुणे में ज्योतिबा फुले की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

# 12 राज्यों-यूटी में एसआईआर, 6.08 करोड़ नाम कटे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं।

**■ उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं, यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए**

पिछले साल 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाता करीब 51 करोड़ थे। फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई। एसआईआर के दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं। यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में भी करीब 91 लाख नाम बाहर हुए। चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को देशभर में एसआईआर कराने का आदेश दिया था। अब तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हुए। पहले फेज में बिहार, दूसरे में 9 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे। असम में एसआईआर के बजाय 10 फरवरी को स्पेशल रिवीजन पूरा हुआ था। इस प्रक्रिया के दौरान कई राज्यों में शेड्यूल में बार-बार बदलाव हुए। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ शामिल किए जा चुके हैं। बाकी 39 करोड़ को तीसरे फेज में 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में कवर किया जाएगा। इन 22 राज्यों-यूटी में प्रक्रिया इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद शुरू होगी। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान करीब 91 लाख नाम हटाए गए। चुनाव आयोग के अनुसार, यह कार्रवाई नवम्बर से चल रही प्रक्रिया के तहत की गई। 28 फरवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक एसआईआर शुरू होने के बाद 63.66 लाख नाम हटाए गए थे। इससे मतदाता 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गए।

## कूनो में आई खुशखबरी, चार शावकों की मां बनी गामिनी

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। चीतों के पुनर्वास अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता गामिनी' ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है।

यह घटना न सिर्फ कूनो बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास परियोजना के बाद यह पहली बार है, जब किसी मादा चीता ने जंगल वातावरण में सफलतापूर्वक शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि 'गामिनी' भारतीय मूल की मादा चीता है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बन जाती है। वन विभाग के अनुसार गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी और उसने पूरी तरह परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया था।

# एमपी पुलिस की हल्दौर में छापेमारी

## चोरी का सामान बरामद करने के लिए डाला डेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** हल्दौर के मौहल्ला खेड़ा निवासी पूर्व पालिका सभासद हरवेंद्र सिंह उर्फ सनी को मध्य प्रदेश की जीआरपी पुलिस एसी ट्रेन डिब्बे में चोरी करने के मामले में लेकर पहुंची। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सोने चांदी के आभूषण व अन्य सामान की बरामदगी करने को लेकर नगर में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान नगर के सर्राफा कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस चोरी हुए सामान की बरामदगी को लेकर थाने में डेरा डाले हुए हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार के मौहल्ला खेड़ा निवासी सरदार सुरेंद्र सिंह बराड़ के पुत्र हरवेंद्र सिंह उर्फ सनी एक शातिर चोर है। पुलिस के अनुसार उसने देश के करीब आठ अलग-अलग राज्यों में ट्रेन में चोरी कर रखी है। सनी के खिलाफ अलग-अलग राज्यों के थानों में करीब 16 मुकदमे चोरी के दर्ज हैं। पुलिस ने सनी को एसी ट्रेन में यात्रियों के साथ चोरी के आरोप में पकड़ लिया था। आंध्र प्रदेश आदि समेत कई राज्यों की पुलिस ने उस दौरान भी नगर के कई सराफा प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर आभूषण व अन्य सामान की बरामद करने का प्रयास किया था। पुलिस के अनुसार सनी चोरी का सामान सस्ते दामों में हल्दौर व आसपास के क्षेत्र में बेचता था। पुलिस ने सनी को उस दौरान जेल भेज दिया था। लेकिन इसके बाद फिर वह जेल से छूट गया और उसने फिर से चोरियों और अपराधों को अंजाम देना शुरू कर दिया। करीब आठ राज्यों की पुलिस को उसकी बेसब्री से तलाश थी। पुलिस ने करीब छह दिन पूर्व उसे मध्य प्रदेश में भोपाल के अंतर्गत एक रेलवे स्टेशन के निकट से ट्रेन में एक महिला यात्री का पर्स चोरी कर भागने के दौरान एक गहरे तालाब में पानी के अंदर से दबोच लिया था। एमपी पुलिस उससे चोरी हुए सामान की बरामदगी को लेकर लगातार छापेमारी कर जांच करने में जुटी है। शनिवार को मध्य प्रदेश के भोपाल जीआरपी से दरोगा मिथलेश भारद्वाज, हेड कांस्टेबल राजेश शर्मा, अनिल सिंह, कांस्टेबल ब्रजेश विश्वकर्मा, सचिन जाट अंतर राज्य चोर सरदार हरवेंद्र सिंह और उर्फ सनी की निशानदेही पर नगर के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर चोरी के सामान की बरामदगी करने पहुंची। इस दौरान नगर के सर्राफा व्यापारियों में अफरा तफरी मच गई। मध्य प्रदेश पुलिस थाने में चोरी का सामान की बरामदगी को लेकर डेरा डाले हुए है।

# भाकियू का धरना पांचवे दिन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पुलिस व वन विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले पर चल रहा धरना पांचवें दिन भी जारी रहा।



प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाध्यक्ष के आदेश पर शुक्रवार को चौथे दिन हल्दौर ब्लॉक की टीम भी धरना स्थल पहुंची। ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार के नेतृत्व में चार गाड़ियों का काफिला अफजलगढ़ डाक बंगले पहुंचा। आज क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। जनपद भर के कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंकर धरने का समर्थन कर रहे हैं।

इस मौके पर वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग दोहराई और कहा कि वन विभाग व पुलिस द्वारा किसी भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा तथा मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। 16 अप्रैल को जनपद भर के किसान पुलिस व वन विभाग के खिलाफ धरना स्थल पर इकट्ठा हो कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे।

कार्यकर्ता धरने को सफल बनाने व आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए गांव-गांव घूम रहे हैं, ताकि बड़ी संख्या में किसान धरना को समर्थन दें। इस बार ऐसा लग रहा है कि भाकियू (टिकैत) वन विभाग व पुलिस प्रशासन से आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बनाए हुए है। यदि 16 अप्रैल को भाकियू टिकैत के प्रवक्ता राकेश टिकैत आते हैं, तो या आंदोलन को भारी बल मिलेगा।

धरना स्थल पर झालू नगर अध्यक्ष डा. कर्मेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, ब्लॉक महासचिव शुभम कुमार राणा, देवेंद्र सिंह, अतुल शर्मा, अनिल चौहान जिला सचिव, टिकेंद्र राजपूत, देवेंद्र सिंह, भूदेव सिंह, देवेंद्र कौशिक, रमेश चंद्र शेखावत, दीपक सिरोही, विक्की सिंह, जसपाल सिंह, पूर्व प्रधान दर्शन सिंह रावत, ब्लॉक उपाध्यक्ष यूसुफ कुरैशी, आशाराम महंत, ब्लॉक उपाध्यक्ष दर्शन सिंह, शकील कुरेशी, रईस अहमद, मौहम्मद अशरफ खान, नगर अध्यक्ष वसीम गुर्जर, डा.विजय सिंह कोतवाली देहात, डा.धर्मवीर सिंह तहसील अध्यक्ष, हरविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, गुरमेल सिंह आदि कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### थाने में अमन कमेटी की बैठक



**स्योहारा।** अंबेडकर जयंती के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर थाने में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने अपील करते हुए कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर जयंती आपसी भाईचारे सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाई जाए। उन्होंने कहा कि जुलूस कार्यक्रम एवं अन्य आयोजनों के दौरान प्रशासन का पूरा सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। बैठक में मास्टर विजय पाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा तथा रात्रि में विचार गोष्ठी आयोजित कर बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में नगर में प्रभात फेरी, माल्यार्पण कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे समाज में शिक्षा समानता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हो सके। इस मौके पर विजय पाल सिंह, विकास कुमार, रेशम कुमार, गौतम कुमार, योगेश कुमार, वीर सिंह, मनीष कुमार, अशोक कुमार, गौरव कुमार, संतपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार, मानु सागर, सुमित कुमार, कपिल कुमार, मिंटू कुमार, नीरज सिंह, संजीव कुमार, धीरेंद्र कुमार, विमल कुमार एवं धर्मपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राजपाल सिंह निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष बने



**नहटौर।** विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया गया। नहटौर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शनिवार को हुए इस गठन में राजपाल सिंह को निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष और धर्मेंद्र कुमार को निर्विरोध ब्लॉक मंत्री चुना गया। इस अवसर पर सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष रामोतार सिंह ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी शिक्षकों के हितों के लिए हमेशा संघर्ष करेंगे और शिक्षकों को संगठन पर विश्वास रखते हुए सदस्यता अभियान चलाकर इसे मजबूत करना चाहिए। जिला महामंत्री दीपक सलूजा ने शिक्षकों से एकजुट रहने और संगठन में आस्था बनाए रखने का आग्रह किया। चुनाव अधिकारी दीपक अग्रवाल और चुनाव पर्यवेक्षक रोहिताश सिंह ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष और मंत्री पद के लिए केवल एक-एक नामांकन प्राप्त होने के कारण सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। राजपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार ब्लॉक मंत्री, महकार सिंह उपाध्यक्ष और देवराज सिंह कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। कार्यक्रम को जिले से वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलशन गुप्ता, सनी चौहान, सुखबीर सिंह, जिला प्रभारी अजहर जमाल, आदेशपाल, भूपेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, शिवनाथ सिंह, कृष्णदेव आर्य, मदनपाल और दिनेश राय सहित कई अन्य ने संबोधित किया। नाथे सिंह, मुनीश कुमार, प्रणपाल, सलोनी रानी, सरताज परवीन, बीना ऋषि, जितेंद्र कुमार, तकल्लुम जहां, अभिषेक भटनागर, महिपाल सिंह और संजय कुमार ने भी कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष योगदान दिया।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



**नहटौर।** भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। यह शिविर शनिवार शाम बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान प्रवास के तहत आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में नहटौर मंडल और भटियाना मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर 'मातृ शक्ति' (महिला कार्यकर्ताओं) ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का तिलक लगाकर और फूल-मालाओं से स्वागत किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, नीतियों और आगामी चुनावी रणनीतियों से अवगत कराना है। इसके माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया।

## एक नजर

### अम्बेडकर जयंती की रूपरेखा मनाई




**नहटौर।** सपा कार्यकर्ताओं ने 14 अप्रैल को डा. भीमराव अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की तैयारी कर ली है। इस सम्बंध आज कोतवाली देहात मार्ग स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया और जयंती समारोह की विस्तृत रूपरेखा तैयार की। कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संविधान निर्माता के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इनमें मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव चौधरी मेहरबान, राष्ट्रीय सचिव अतुल शर्मा, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप पवार, राष्ट्रीय सचिव मुमताज आलम और अख्तर अली प्रमुख थे। अन्य उपस्थित सदस्यों में कमलेश भुइयार, मुदित त्यागी, शराफत हुसैन, डा. शहबाज, सलमान भाई, राकेश त्यागी, बुनियाद अली, परवेज अहमद और बाबू अकील शामिल थे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेने और बाबा साहब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में अपना योगदान देने का आह्वान किया।

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई




**बिजनौर।** सपा जिला कार्यालय पर भारतीय समाज सुधारक व विचारक महात्मा ज्योतिबा गोविंद राव फुले की जयंती सपाईयों ने हर्ष के साथ मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी हर जाति वर्ग के महापुरुषों का पूर्ण सम्मान करते हुए उनके जयंती व पुण्यतिथि को मनाकर उनके विचारों को अपनाकर समाज की सेवा का संकल्प लेती है। महात्मा ज्योतिबा फुले के समाज के लिए किए गए कार्यों को मौजूद सपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपनाने का संकल्प लिया गया। प्रवक्ता अखलाक पप्पू के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामअवतार सैनी, मदन लाल सैनी, पंकज विशनोई एड., डा. योगेंद्र चौधरी, प्रभा चौधरी, बीके कश्यप एड., अशोक आर्य, राजेश गोयल, प्रमोद प्रधान, दिलशाद अंसारी, अफजाल लालू, डा. इरफान मलिक सुरदर्शनं सोनू सैनी, नसीम अहमद, सुरेंद्र वाल्मीकि, आसिफ खान, संजय पाल, शेर सिंह भुईयार आदि मौजूद रहे।

# बसपा सर्वसमाज की पार्टी : मुनकाद अली

## कार्यकर्ताओं से मायावती को फिर से मुख्यमंत्री बनाने की बात कही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक में पहुंचे पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने कहा कि बसपा सर्वसमाज की पार्टी है। बसपा में दलितों, पिछड़ों, वंचितों अल्पसंख्यकों एवं सर्वसमाज के लोगों का हित पूरी तरह सुरक्षित है।



उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपनी सरकार में सर्वसमाज के लिए एक से बढ़कर एक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई। उन्होंने कहा कि हम सभी को आने वाले चुनाव 2027 में मायावती को फिर मुख्यमंत्री के रूप में देखना है। जिसके लिए हमें अभी से कमर कस लेनी है और सर्वसमाज को एक मंच पर जोड़ने का काम करना है। बैठक ग्राम जलीलपुर में मोनिस राजपूत विधानसभा महासचिव के निवास स्थान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता वीर सिंह विधानसभा अध्यक्ष ने की। संचालन जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव वे पूर्व सांसद राज्यसभा प्रभारी पश्चिमी उ.प्र. मुनकाद अली रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुनकाद अली ने सर्वसमाज से बसपा के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चार बार बसपा की सरकार रही। मायावती के शासन की विशेषताएं सर्वसमाज हितैषी रही। उन्होंने मुस्लिम समाज का आह्वान किया कि अगर आप उत्तर प्रदेश से भाजपा को हटाना चाहते हैं, तो मुस्लिम समाज को अपना एक-एक वोट बसपा को देना होगा तभी प्रदेश में भाजपा का सफाया हो पाएगा। पिछले चुनाव में मुस्लिम समाज ने समाजवादी को अपना पूरा वोट देकर देख लिया, लेकिन सरकार भाजपा की बनी। इससे साबित होता है कि सपा का जो बेस वोट है, वह भाजपा को ट्रांसफर हो गया है। जिससे भाजपा की सरकार बनी अगर यही मुस्लिम समाज का वोट 2022 में बसपा के साथ ट्रांसफर होता तो आज प्रदेश में भाजपा की नहीं, बसपा की सरकार होती। सर्व समाज की सरकार होती। मुसलमानों की सरकार होती है दलितों की ओबीसी की सरल समाज के अपर कास्ट के गरीब लोगों की सरकार होती। आज इस सरकार में हर समाज परेशान है, नौजवान त्रस्त हैं, महंगाई की मार है, कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है, सरकार हर मोड़ पर फेल हो चुकी है। इसलिए आने वाले 2027 के चुनाव में बसपा को वोट देकर प्रदेश में अनुशासन की, आपसी भाईचारे की और तरक्की की सरकार बनाने का काम करें।

बैठक में चेतराम सिंह, धर्मपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, अहमद अली, करतार सिंह, साजिद चौधरी, औरंगजेब राजपूत, संजय सिंह, बन्ने अल्वी, अकील अंसारी, वीर सिंह मौजूद रहे।

# 'कल्पवृक्ष' का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन

## क्रिक्रेट मैच का फाइनल मिर्दगान टाइटंस ने जीता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष 2026' समारोह के समापन में मुख्य अतिथि रालोद के जिला महासचिव विजय चौहान व विशिष्ठ अतिथि रालोद युवा नगर अध्यक्ष रोहित चौधरी, अंकित कुमार व प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह ने सयुक्त रूप से मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर समापन कार्यक्रम की शुरूआत की।




समापन कार्यक्रम का संचालन कर रही मानसी चौधरी व शाहिस्ता रूही ने ग्रुप के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह व विजय चौहान व रोहित चौधरी व अंकित कुमार को मंच पर आने के लिए आमंत्रित किया। 'कल्पवृक्ष 2026' समारोह के मुख्य अतिथि विजय चौहान व रोहित चौधरी को प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह ने स्मृति चिन्ह व बैच लगाकर सम्मानित किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में आज सेमीफाइल व फाइनल मैच खेले गऐ। क्रिक्रेट मैच का फाइनल मुकाबला मिर्दगान टाइटंस एवं वन लाइफ फिटनेस क्लब की टीम के मधय खेला गया। वन लाइफ फिटनेस क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 आवरों में 82 रनों का मिर्दमान टीम को लक्ष्य दिया। मिर्दगान टीम ने निर्धारित 7.4 आवरों में 82 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर फाइनल मुकाबले में अपनी जीत दर्ज की। मिर्दगान टीम के हिमांशु कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। कबड्डी प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला वीकेआईटी क्लब और नहटौर बुल्स के मधय खेला गया। जिसमें वीकेआईटी क्लब ने नहटौर बुल्स को 45/38 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

अन्य खेलों की श्रृंखला में जैसे- बैडमिंटन, रंगोली, फेस पेंटिंग, मेहँदी, चैस, कैरम, रेस, डिस्कस थ्रो, खो-खो, पोस्टर प्रिजनटेषन, नृत्य, ऊंची कूद आदि सभी प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेताओं को विजय चौहान व रोहित चौधरी, अंकित कुमार, अभिषेक सिंह के द्वारा नकद पुरुस्कार, ट्रॉफी, मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह को सफल बनाने में डीन राजीव कुमार, अमित कुमार, संदीप सिंह मौहम्मद जाहिद, नागेंद्र सिंह, नरदेव सिंह, बिरेंद्र, संसार सिंह, मौहम्मद बिलाल, गाजी अब्बास, गौरव कुमार, मानसी चौधरी, हिमांशी चौधरी, तबस्सुम, सलोनी, ज्योति, मिनाक्षी, नेहा, प्रियंका पाल, शीतल रानी, सीमा, मानोज कुमार, रानी, रोहित कुमार, मौहम्मद जुबैर, मौ. विशाल, नागेंद्र, सचिन कुमार, असमा परवीन, शाईस्ता रूही, नितिन कुमार, मुनेश कुमार, इन्तेज़ार अहमद, दीपक काकरान, अमित चौधरी, विपिन कुमार, अरविंद कुमार, दीपक कुमार आदि का सहयोग रहा।

# सीएम योगी नकली संतः सपा

## इस बार पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा : अखिलेश

**जयपुर, वार्ता**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सीएम योगी को नकली संत करार देते हुए कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा। अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यूपी में एक नकली संत है, जो दूसरों से सर्टिफिकेट मांग रहे थे, उनके पास अपना ही सर्टिफिकेट नहीं है।




उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ दावा करते हैं कि वो सुबह 3:30 बजे उठते हैं, लेकिन जब उन्हें योग करने का मौका मिला, तो वो डगमगाने लगे। अभी कुछ दिन पहले ही सीएम योगी जापान गए थे। जैसे ही वहां की बुलेट ट्रेन 500 किलोमीटर की रफ्तार से ऊपर हुई, तो वो ताली बजाने लगे। कभी उन्हें क्रिकेट खेलते हुए देखना, तीन टप्पे खाने के बाद भी बल्ला हवा में घूमाते रहते हैं, कभी उन्हें बास्केटबाल खेलते हुए देखोगे, तो पाओगे कि वो बुलडोजर पर चढ़कर आएंगे और अपनी बाल को बास्केट में डाल देंगे। अखिलेश यादव ने शंकराचार्य को मिली जान से मारने की धमकी के सवाल पर कहा कि शंकराचार्य के विचार बहुत महत्वपूर्ण हैं।

# 2027 विस चुनाव के लिए रणनीति बदलने पर मजबूर हुए राजनीतिक दल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में 166 दिनों के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में दो करोड़ से ज्यादा नाम डिलीट किए गए हैं।




निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया से न सिर्फ़ वोटरों की सूची में व्यापक बदलाव हुआ है, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति बदलने को मजबूर कर दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया पर भाजपा, सपा , बसपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में कड़ी नजर रखी। इन पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को न केवल वोटरों को शहरी इलाकों से गांवों की ओर न जाने के लिए मनाने के काम में लगाया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने के बाद नए वोटरों के नाम भी दर्ज किए जाएं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यूपी में चलाई गई एसआईआर की पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी, लोकतंत्र के साथ धोखा और जनता के मताधिकार का सीधा हनन है। पार्टी वर्तमान मतदाता सूची को बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि चुनाव से पहले व्यापक जांच कर सभी 18 वर्ष पूरा कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं। अगर केंद्रीय चुनाव आयोग यह काम करने में असमर्थ है तो नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची को ही विधानसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल किया जाए। दरअसल, 27 अक्टूबर, 2025 से 10 अप्रैल के बीच, वोटर लिस्ट में न सिर्फ़ शहरी इलाकों जिनमें लखनऊ, गाजयिाबाद, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, आगरा और प्रयागराज शामिल हैं बल्कि ज्यादा ग्रामीण आबादी वाले जलिों: कन्नौज, बलरामपुर, बदायूं, बहराइच, फर्रुखाबाद, सोनभद्र और इटावा में भी वोटरों के नाम हटाए गए।

# कांग्रेस ने केंद्र की विदेश नीति पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** शनिवार को इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की आहट के बीच कांग्रेस पार्टी ने शांति की संभावनाओं पर सावधानी भरी उम्मीद जताई है। साथ ही पार्टी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्थिति पर 'गंभीर सवाल' उठाए हैं।



कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि इस बैठक से भारत सहित वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद जगी है कि यह अमेरिका-ईरान के बीच 'टिकाऊ शांति प्रक्रिया की शुरुआत' हो सकती है। रमेश ने इस अवसर का उपयोग सरकार के राजनयिक दृष्टिकोण में विसंगतियों और चूके अवसरों पर सवाल उठाने के लिए किया और पीएम मोदी व उनकी संपर्क रणनीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने मेजबान के रूप में पाकिस्तान की भूमिका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल किया कि अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले में कथित संलिप्तता और उसे अलग-थलग करने के भारत के राजनयिक प्रयासों के बावजूद इस्लामाबाद नई भूमिका गढ़ने' में कैसे कामयाब रहा।

# नाबालिग से गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

## घरवालों को नींद की गोली खिलवाई, बहला-फुसलाकर ले गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



गौरतलब है कि आठ अप्रैल की रात को चार युवकों द्वारा एक किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाया गया था। एसपी ग्रामीण प्रकाश सिंह ने बताया कि किशोरी आरोपी टीटू से फोन पर बात करती थी। टीटू ने किशोरी को नशीली गोलियां देकर परिवार वालों को खिलाने को कहा, ताकि वे सो जाएं और वह उससे मिलने आ सके। किशोरी ने ऐसा ही किया। परिवार के सोने के बाद टीटू उसके घर पहुंचा और अलमारी से आभूषण चुरा लिए। इसके बाद टीटू किशोरी को बहला-फुसलाकर गांव के पास एक बंद पड़े विवाह मंडप में ले गया। वहां पहले से ही उसके तीन अन्य साथी मौजूद थे। इन चारों युवकों ने बारी-बारी से किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। सुबह किशोरी बदहवास हालत में अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना के बारे में बताया। किशोरी की मां उसे लेकर थाने पहुंची और लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों टीटू, रितेश, विशेष और परीक्षित के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और सामूहिक दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। आज पुलिस ने मुख्य आरोपी टीटू के साथ विशेष और परीक्षित को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि फरार आरोपी रितेश की तलाश जारी है।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाई



**नूरपुर।** सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी के निवास पर सैकड़ों सपा कार्यकर्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जंयती बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले फूले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर फूल मालाएं अर्पित कर किया। रामअवतार सैनी ने कहा कि हात्मा ज्योतिबा फुले ने अपनी जिंदगी बड़ी सादगी से गुजारी। समाज के लिए संघर्ष किया। समाज के दबे-कुचले वर्ग की शिक्षा पर जोर दिया। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरिसी, जिला पंचायत सदस्य इमरान, सुनील गुर्जर, यादराम सैनी, सुनील कुमार सैनी, गजराम सिंह सैनी, प्रमोद कुमार, फहीम अहमद, मुकरम अली, वरिष्ठ सपा नेता सलीम अहमद इदरिसी, तरुण सैनी, तेजपाल सैनी आदि मौजूद रहे।

# सपा नेता अनुज मलिक को सिक्कों से तौला

## फतेहपुर कला में सपा की पीडीए चौपाल, 2027 में सरकार बनाने का दावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा नेता अनुज मलिक के नेतृत्व में ग्राम फतेहपुर कला में पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की भारी भीड़ उमड़ी। स्थानीय किसान, आम जनता और सपा समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हुए। आसपास के 40 गांवों की जनता ने अनुज मलिक का जोरदार स्वागत किया। लोगों ने उन्हें सिक्कों में तराजू से तोला भी।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुज मलिक ने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनने पर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा। किसानों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेरोजगारी आज सबसे बड़ी समस्या है, लेकिन प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य की कोई चिंता नहीं कर रही है।

अनुज मलिक ने याद दिलाया कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाएं शुरू की थीं। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने आश्वासन दिया कि सपा सरकार किसान हितैषी नीतियां लाएगी, उनकी आय बढ़ाएगी और कर्जमुक्ति जैसे कदम उठाएगी।

इस मौके पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष शेख जकिर हुसैन ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए सपा ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से सपा के साथ मजबूती से जुड़ने की अपील की। चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश ने अपने संबोधन में विकास कार्यों और सामाजिक सद्भाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सपा सरकार आने पर क्षेत्र में पहले की तरह तेज विकास होगा और कोई भी ताकत हिंदू-मुस्लिम सद्भाव बिगाड़ नहीं सकेगी। अध्यक्षता संत राम जी ने की।

# महारैली को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान

## राष्ट्रीय महासचिव बाबू मुनकाद अली ने सौंपी जिम्मेदारी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बहुजन समाज पार्टी की बैठक में राष्ट्रीय महासर्चिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू मुनकाद अली ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ के गोमती नगर स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित प्रदेश स्तरीय महारैली को सफल बनाने की रणनीति बनाई और अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विधानसभावार जिम्मेदारियां सौंपी।

आज पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद बाबू मुनकाद अली ने महारैली में बसों, ट्रेनों और निजी वाहनों से कार्यकर्ताओं को ले जाने की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविराज सिंह ने व संचालन विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह ने किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि मंडल प्रभारी रणविजय सिंह, नाजिम अहमद अल्वी, मंडल प्रभारी डीपी सिंह, रोहिताश सिंह, दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, धर्मपाल सिंह और वीपी सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविराज सिंह का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

### बसपा कार्यालय पर हंगामा



**बिजनौर।** बसपा के मंडल कोर्डिनेटर को हटाए जाने का विरोध हो रहा है। आज जब पूर्व सांसद मुनकाद अली जिला कार्यालय पर पहुंचे, तो कार्यकर्ताओं का गुस्सा देखने लायक था। कार्यकर्ताओं कहना था कि जिम्मेदार पदाधिकारियों को जिस तरह से हटाया जा रहा है, उससे पार्टी मजबूत नहीं होगी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि पार्टी के वरिष्ठ नेता काम करने वालों को गुलाम समझते हैं। वह पार्टी को मजबूत नहीं होने दे रहे हैं। कई कार्यकर्ताओं ने कहा कि हर महीने जिला अध्यक्ष बदले जा रहे हैं, जो गलत है। नाराज कार्यकर्ताओं के सवालों का वरिष्ठ बसपा नेताओं के पास कोई जवाब नहीं था।

# सड़क हादसों में छह घायल, तीन गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बीती रात काल बनकर टूटी। अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन सड़क हादसों में छह लोग घायल हो गए। इनमें से तीन की हालत चिंताजनक है। जबकि तीन को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

पहली दुर्घटना रात लगभग नौ बजे ग्राम तिगरी मनकावाला के पास हुई। यहां दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ग्राम तिगरी मनकावाला निवासी जयसिंह (36 वर्ष) पुत्र रामनाथ सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया।

दूसरा हादसा नगीना-कोतवाली देहात रोड पर कृषि अनुसंधान केंद्र के पास बने फायर स्टेशन के सामने हुआ। ग्राम करौंदा पचदू निवासी अलकमर (19 वर्ष) पुत्र शमशीर और उनका साथी तशकील (16 वर्ष) निवासी पटपरा रामपुर दास बाइक से अपने घर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही एक कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत पहुंचाया, जहां से उन्हें भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

तीसरा हादसा नगीना टोल प्लाजा पर हुआ। धामपुर की तरफ जा रहे बाइक सवार मोनिस (19 वर्ष) और उसके साथी अर्श (18 वर्ष) की तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर वहां ड्यूटी पर तैनात टोल कर्मी शिवम (21 वर्ष) से जा टकराई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार और टोल कर्मी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि तीनों को मामूली चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# रामगंगा नदी बनी खतरे की घंटी

### अवैध खेती और विभागीय लापरवाही से बिगड़े हालात





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भूतपुरी क्षेत्र में रामगंगा नदी के किनारे हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। नदी में जमा हो रही सिल्ट और सिंचाई विभाग की जमीन पर हो रही अवैध खेती के कारण पानी का प्राकृतिक बहाव बाधित हो गया है, जिससे नदी का तल ऊंचा हो गया है और आसपास के गांवों में हर साल बाढ़ जैसी स्थिति बन रही है।

स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि मुबारकपुर, गावड़ी, घोसियों वाला, हाफिजाबाद, दल्लीवाला, मनोहर वाली और चतरपुर सहित एक दर्जन से अधिक गांव हर वर्ष जलमग्न हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2010 में आई भीषण बाढ़ के बाद से यह समस्या लगातार बनी हुई है और हर साल करीब तीन महीने तक खेतों और गांवों में पानी भरा रहता है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सिंचाई विभाग की कीमती जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर खेती की जा रही है, जिसके चलते नदी का बहाव रुक रहा है और जलभराव की समस्या विकराल होती जा रही है।

सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि रामगंगा नदी अब पुल और हाईवे के बेहद करीब पहुंच गई है, जिससे न केवल गांवों बल्कि पीडब्ल्यूडी की सड़क और राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी खतरा मंडराने लगा है। यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सिंचाई खंड मुरादाबाद और सिंचाई खंड धामपुर (अफजलगढ़) के बीच जिम्मेदारी को लेकर विवाद बना हुआ है।

दोनों विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं, जिसके कारण समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा और इसका खामियाजा सीधे तौर पर किसानों और ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बातचीत में ग्रामीणों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि पिछले 8-10 वर्षों से वे इस समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल आश्वासन ही मिला है।

अब ग्रामीणों की निगाहें 13 अप्रैल पर टिकी हैं, जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बिजनौर दौरे पर आने वाले हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार उनकी समस्या मुख्यमंत्री तक पहुंचेगी और कोई स्थायी समाधान निकलेगा।

ग्रामीणों की मांग है कि सिंचाई विभाग की जमीन से अतिक्रमण हटाया जाए, नदी के बहाव को प्राकृतिक रूप से बहाल किया जाए, जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान किया जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते जागेगा या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही कार्रवाई होगी?

## एक नजर

### ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले दो दबोचे

**नगीना।** पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल किया गया ट्रैक्टर और ट्रॉली भी बरामद कर ली है। 11 अप्रैल को वादी सलीम ने अपने पड़ोसियों की मदद से दो संदिग्धों को पकड़ कर थाने लाया था। वादी का आरोप था कि इन दोनों व्यक्तियों ने उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों जाकिर पुत्र अब्दुल मजीद निवासी ग्राम शहजादपुर, थाना शेरकोट व तारा सिंह पुत्र मल्लू सिंह निवासी ग्राम नूरपुर छीपरी, थाना शेरकोट को गिरफ्तार किया। पुलिस अब इन आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नगीना।** ग्राम हरगांव चान्दन निवासी युवक ने पुलिस को दी गई अपनी लिखित तहरीर में बताया कि उनके ग्राम में रहने वाले रामपाल के घर पर कृष्णा पुत्र सुरेश, निवासी ग्राम बेहड़ी, अक्सर आता-जाता रहता था। आरोप है कि बीते 30 मार्च 2026 को सुबह करीब नौ बजे कृष्णा उनकी 19 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया। काफी खोजबीन के बाद जब युवती का पता नहीं चला, तो पीड़ित ने थाने में सूचना दी। पुलिस ने 10 अप्रैल को प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने आरोपी कृष्णा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 87 के तहत मामला पंजीकृत किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने उपनिरीक्षक सुखरामपाल राणा को इस प्रकरण की जांच सौंपी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही युवती को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म



**मंडावर।** एक युवक ने शादी का झांसा देकर एक युवती को अपने जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के एक ग्राम की युवती ने चौदह दिन पहले थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया था कि अभियुक्त शिवम पुत्र अशोक कुमार निवासी हाफिजपुर, थाना कांठ, मुरादाबाद ने उसे शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिसमें पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी थी। जिसमें आज शनिवार को मंडावर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

### बस की टक्कर से युवक घायल

**नगीना।** दो अप्रैल की रात करीब आठ बजे मुस्तफापुर भूरापुर निवासी नाजुल (32 वर्ष) अपने भतीजे उस्मान के साथ मोटरसाइकिल से नगीना आ रहे थे। जब वह रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक रोडवेज बस के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नाजुल के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई है। सिर पर हेलमेट होने के कारण उनकी जान बच गई। दुर्घटना के बाद घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें नहटौर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पीड़ित के साले इरफान पुत्र नसीर अहमद की तहरीर पर नगीना पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (तेजी से वाहन चलाना) और 125(इ) (लापरवाही से चोट पहुंचाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अजीत कुमार को सौंपी गई है।

### मगरमच्छ देख मची अफरा-तफरी



**मंडावर।** तारा सिंह ग्राम लायकपुरी थाना मंडावर बिजनौर रोड इनामपुरा चौराहे पर स्थित अपने खेत पर काम कर रहे थे। काम करते वक्त अचानक किसान तारा की नजर मगरमच्छ पर पड़ी। उसे देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में तारा ने शोर मचाया, तो वहां मगरमच्छ देखने वालों की भीड़ लग गई। मगरमच्छ खेत में होने की सूचना पुलिस व वन विभाग को दी गई। जिसके बाद उपनिरीक्षक मनोज कुमार मय फोर्स मौके पर पहुंचे और भीड़ को हटाया। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग की टीम मगरमच्छ का रेस्क्यू करने में लगी हुई थी।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बरः- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सहकारी बैंक पर किसानों का प्रदर्शन

## केवाईसी के नाम पर वसूली का आरोप, प्रबंधक के स्थानांतरण की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** जिला सहकारी बैंक शाखा में किसानों व खाताधारकों ने शाखा प्रबंधक के खिलाफ प्रदर्शन कर गंभीर आरोप लगाए।

किसानों का कहना है कि केवाईसी अपडेट के नाम पर बार-बार दस्तावेज मांगे जा रहे हैं, जबकि आवश्यक कागजात पहले ही जमा किए जा चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विभिन्न कार्यों के नाम पर किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। साथ ही, बैंक से संबंधित कार्यों को जानबूझकर लंबित रखा जाता है, जिससे खाताधारकों को आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है।

मृत खाताधारकों के खातों से धन निकासी के मामलों में भी अनावश्यक देरी करने तथा कागजी प्रक्रिया के नाम पर धन मांगने के आरोप लगाए गए। प्रदर्शन में शामिल किसानों महेंद्र सिंह, सोमेंद्र सिंह, नवेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, राजवीर सिंह, अजयपाल सिंह सहित अन्य ने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कराते हुए शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण की मांग की है। वहीं शाखा प्रबंधक अनुज बाजपेई ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

उनका कहना है कि बैंक में सभी कार्य नियमानुसार किए जा रहे हैं तथा केवाईसी प्रक्रिया भी बैंकिंग नियमों के तहत अनिवार्य है।

प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए बैंक परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई। मामले को लेकर उच्च स्तर पर जांच की संभावना जताई जा रही है।

### आरोप निराधार : अनुज बाजपोई



**झालू।** शाखा प्रबंधक अनुज बाजपेई ने सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि केवाईसी प्रक्रिया बैंकिंग नियमों के तहत अनिवार्य है और खाताधारकों से केवल आवश्यक दस्तावेज ही मांगे जा रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बैंक में सभी कार्य पारदर्शिता व नियमानुसार किए जा रहे हैं तथा किसी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जा रही।

# शिक्षा के नाम पर 'लूट' के खिलाफ बिगुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नए शैक्षणिक सत्र के आगाज के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों के कथित आर्थिक शोषण का मुद्दा गर्मा गया है।

आज नगीना में आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। जिला संयोजक परवेज पाशी के नेतृत्व में जुटे कार्यकर्ताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर इस व्यापार पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की।



### तहसील में गरजे आसपा कार्यकर्ता

तहसील परिसर में धरने पर बैठे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला संयोजक परवेज पाशी ने शिक्षा व्यवस्था के बाजारीकरण पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूल प्रबंधक अब शिक्षा देने के बजाय लाभ कमाने वाली संस्था बन चुके हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को चिन्हित बुक स्टालों और ड्रेस की दुकानों से ही सामान खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारी कमीशन के चक्कर में हर साल किताबों के प्रकाशन बदल दिए जाते हैं, ताकि पुरानी किताबों का उपयोग न हो सके और अभिभावकों को नए सेट खरीदने पड़ें। उन्होंने यह भी बताया कि निजी प्रकाशकों की किताबों पर लागत से कई गुना अधिक दाम अंकित किए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की जेब पर डाका है।

आजाद समाज पार्टी ने प्रशासन से मांग की है कि उत्तर प्रदेश शासन के पुराने आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। परवेज पाशी ने कहा कि शिक्षा का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है, इसे व्यापार नहीं बनने दिया जाएगा। हम मांग करते हैं कि सभी निजी स्कूलों में केवल एनसीईआरटी की किताबें ही अनिवार्य की जाएं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो पार्टी पूरे जिले में उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

प्रदर्शन के उपरांत कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी विजय शंकर मिश्र को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। एसडीएम ने कार्यकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना और स्वीकार किया कि नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम विजय शंकर मिश्र ने कहा कि अभिभावकों का उत्पीड़न और शासन की गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वाले किसी भी स्कूल को बख्शा नहीं जाएगा। हम इस मामले की विस्तृत जांच कराएंगे और दोषी प्रबंधकों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

इस विरोध प्रदर्शन में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में शिरकत कर अपनी एकजुटता दिखाई। प्रदर्शन के दौरान मौहम्मद असलम अंसारी, नदीम अहमद, मौहम्मद जीशान, मौहम्मद हुमायूं, नौशाद अहमद, मौहम्मद यूसुफ, वसीम, मिर्जा अजहर, मौहम्मद राशिद और जावेद अनवर आदि मौजूद रहे।

नगीना में हुआ यह प्रदर्शन केवल एक पार्टी का विरोध नहीं, बल्कि उन हजारों मध्यमवर्गीय अभिभावकों की आवाज है, जो हर साल अप्रैल के महीने में स्कूलों की बढ़ती फीस और अन्य खर्चों के बोझ तले दब जाते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन की जांच केवल कागजों तक सीमित रहती है या वाकई निजी स्कूलों की इस 'मनमानी' पर लगाम लग पाती है।

# एनजीटी ने 15 सौ पेड़ लगाने का दिया आदेश

## पूर्व में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लगाया था 3.61 करोड़ रुपए का जुर्माना

**सुनीलपाल मनोहारिया**

**मंडावर।** बस स्टैंड और बंधन बैंकट हाल के सामने काटे गए आम के बागों पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लगाए गए करोड़ो रूपए के जुर्माने को नकारते हुए भू स्वामी को राहत दी है किंतु इन बागों में 15 सौ पेड़ लगाने और डीएफओ बिजनौर को निगरानी करने का आदेश देकर कॉलोनाइजर्स के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की प्रधान पीठ,नई दिल्ली ने (O-A- No-272/2024) में 6 अप्रैल 2026 को अपना अंतिम फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी एवं विशेषज्ञ सदस्य डा. अफरोज अहमद की पीठ ने यह निर्णय दिया। मौहल्ला बाजार कलां निवासी दीपांक कुमार शर्मा, द्रवित कुमार शर्मा (हाले निवासी पिलखुवा, हापुड़) और राज कुमार (ग्राम अलीपुर मखान, परगना मंडावर, बिजनौर) ने एनजीटी में याचिका दाखिल की थी और पेड़ों की अवैध कटाई और आवासीय प्लॉटिंग के आरोप लगाया था। आरोप था कि उनके परिजन डा. देवेश कुमार शर्मा (सहारनपुर), संजय कुमार शर्मा (मंडावर) और दिनेश कुमार शर्मा ने मंडावर बस स्टैंड स्थित लगभग 1.587 हेक्टेयर और मंडावर चंदक रोड स्थित 2.342 हेक्टेयर के दो आम बागों में करीब 180 आम के पेड़ों की अवैध कटाई की हैं। आरोप यह भी था कि पेड़ों को एसिड डालकर सुखाया गया और जमीन पर 'देव कुंज विहार' नाम से आवासीय प्लॉटिंग शुरू की गई। अधिकरण ने विस्तृत सुनवाई के बाद पाया कि विवादित भूमि निजी कृषि भूमि थी, जो वन क्षेत्र की परिभाषा में नहीं आती। भूस्वामी ने संबंधित प्राधिकारियों से भूमि उपयोग परिवर्तन (Non & Agricultural) की विधिवत अनुमति ली थी तथा Forest Department को कम्पोजीशन फीस भी जमा की थी।

इसके साथ ही भूस्वामी ने अपनी भूमि पर 800 पेड़ और सार्वजनिक भूमि पर 700 पेड़ कुल 1500 पेड़ लगाए, जो संबंधित प्राधिकारियों की अनुमति से लगाए गए।अधिकरण ने स्पष्ट किया कि फलदार पेड़ों पर कोई पूर्ण प्रतिबंध नहीं होता और विधिपूर्वक अनुमति लेकर उन्हें काटा जा सकता है।

एनजीटी ने यह भी टिप्पणी की कि डीएफओ कार्यालय ने भूस्वामी के आवेदन पर समुचित कार्रवाई नहीं की, जबकि उन्हें शर्तों के साथ अनुमति देनी चाहिए थी। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 79 पेड़ों की अवैध कटाई के आधार पर भूस्वामी पर 3,61,41,229 (तीन करोड़ इकसठ लाख) की पर्यावरण क्षतिपूर्ति लगाने का शो-कॉज नोटिस जारी किया था। किंतु एनजीटी ने निर्णय दिया कि चूंकि पेड़ कटाई अवैध नहीं थी, इसलिए भूस्वामी पर कोई पर्यावरण क्षतिपूर्ति नहीं लगाई जाएगी।

अधिकरण ने निर्देश दिया कि डा. देवेश कुमार शर्मा (प्रतिवादी नंबर 8) अपनी भूमि पर लगाए गए 800 पेड़ और सार्वजनिक भूमि पर लगाए 700 पेड़ की देखरेख न्यूनतम 5 वर्षों तक अपने खर्च पर करेंगे। साथ ही डीएफओ बिजनौर को निर्देश दिया गया कि वे सार्वजनिक भूमि पर लगे पेड़ों की देखरेख की निगरानी 5 वर्षों तक सुनिश्चित करें।

# जनसेवा केंद्र लूटकांड का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

### घटना में प्रयुक्त तमंचा बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**किरतपुर।** साल 2024 में जनसेवा केंद्र पर हुई लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।



गौरतलब है कि 20 अगस्त, 2024 को शिवम कुमार पुत्र चन्दराम सिंह निवासी ग्राम औरंगपुर नंदलाल उर्फ कुम्हैड़ा, थाना किरतपुर ने तहरीर देकर बताया था कि उसके जनसेवा केंद्र पर उनके भाई से तमंचे के बल पर 75 हजार रुपए की नगदी लूट ली गई। इस मामले में थाना किरतपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 340/2024 धारा 309(4) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मामले में तीन अभियुक्तों शुभम, आशू और पवन के नाम प्रकाश में आए। इनमें से शुभम व आशू को पुलिस ने चार सितंबर 2024 को ही 12 हजार रुपए की नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया था।

इसी क्रम में आज थाना पुलिस ने फरार चल रहे पवन पुत्र रामपाल निवासी ग्राम कौशल्या, थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा व 315 बोर का जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जनसेवा केंद्र पर एक 15 वर्षीय बालक को तमंचा दिखाकर बैग लूट लिया था, जिसमें करीब 2700 रुपए थे। तीनों आरोपियों ने रुपए आपस में बांट लिए और बैग रास्ते में फेंक दिया। आरोपी ने यह भी बताया कि उसके हिस्से के रुपए खर्च हो चुके हैं तथा बरामद तमंचा उसने एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पवन का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में हत्या, लूट, हत्या के प्रयास, धोखाधड़ी व आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, दरोगा अर्जुन सिंह तोमर, हेड कांस्टेबल अनुराग तथा कांस्टेबल शिवांक त्यागी व अरविंद शामिल रहे।

## एक नजर

### नेत्र विशेषज्ञ न होने से परेशानी

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में आंखों के इलाज के लिए अस्पताल और नेत्र विशेषज्ञ न होने से लोगों, खासकर बुजुर्गों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इलाज के लिए मजबूरन धामपुर, काशीपुर, मुरादाबाद या जौलीग्रांट, ऋषिकेश जैसे दूरदराज शहरों का रुख करना पड़ता है। जिससे समय और धन दोनों की हानि होती है। पूर्व में स्थानीय सामदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक नेत्र चिकित्सा देना था। परंतु कथित शिकायतों के चलते मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा उक्त चिकित्सक को हटा दिया गया था। परंतु लगभग दो वर्ष बीतने के बावजूद उसके स्थान पर दूसरे नेत्र चिकित्सक की नियुक्ति नहीं हो पाई। जिसके चलते आंखों के मरीजों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लोगों ने बताया कि पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अफजलगढ़ में नेत्र चिकित्सक की नियुक्ति थी, लेकिन कुछ तथाकथित शिकायतों के बाद उनका स्थानांतरण हो गया। वर्षों बाद भी नए नेत्र चिकित्स विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं हो सकी, जिससे हालात और बिगड़ गए। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि अफजलगढ़ में स्थायी नेत्र अस्पताल स्थापित किया जाए और नियमित नेत्र जांच शिविर लगाए जाएं, ताकि लोगों को दूर शहरों में न भटकना पड़े।

### इलेक्ट्रॉनिक सफाई वाहन का लोकार्पण



**बिजनौर।** पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह द्वारा वार्ड 17 एसडी पुरम में इलेक्ट्रॉनिक सफाई वाहन का नगरवासियों की सेवा में लोकर्पित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बीरबल सिंह, सभासद परिणीता सिंह, अभिषेक राणा, आशीष अग्रवाल, अतुल चौधरी, रवि, विजेंद्र सिंह, राजा तुषार आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ का बाल अपचारी पुलिस निगरानी में

**स्योहारा।** नाबालिग से छेड़छाड़ तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के मामले में एक बाल अपचारी को पुलिस ने निगरानी में लिया है। नौ अप्रैल पीड़ित ने तहरीर में आरोप लगाया कि बाल अपचारी ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ छेड़छाड़ की तथा उसकी अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। विरोध करने पर आरोपी द्वारा गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आज मुखबिर की सूचना पर बाल अपचारी को पुलिस निगरानी में ले लिया। पुलिस के अनुसार प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है तथा मामले की जांच जारी है।

### विकास कार्यों का लोकार्पण



**बिजनौर।** पालिका अध्यक्ष इंदिरा द्वारा वार्ड 13 बकली में पालिका द्वारा किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष इंदिरा ने कहा कि वह सदैव नगरवासियों की सेवा में तत्पर है एवं नगर का विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर वार्ड सभासद तरुणा, राहुल, वरिंदर तोमर, मानसिंह, नीरज शर्मा, मनोज कुमार, शमशाद, अक्षय अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में वार्ड निवासी उपस्थित रहे।

### टीईटी के विरोध में मशाल जुलूस 13 को

**बिजनौर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले 13 अप्रैल को टीईटी के विरोध में होने वाले मशाल जुलूस की सफलता को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह की अध्यक्षता मंडलाध्यक्ष इंद्रेश यादव के संचालन में वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद भारत सरकार के विद्यालयों में 23 अगस्त, 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करना शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के खिलाफ षडयंत्र है जबकि वर्ष 2011 से शिक्षकों की नियुक्ति में टीईटी की अर्हता अनिवार्य की गई है। टीईटी अनिवार्यता को लेकर देश के शिक्षकों में अत्यंत रोष व्याप्त है। जिसके लिए अंत तक संघर्ष करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सेवा सुरक्षा एवं टीईटी के विरोध में 13 अप्रैल को मसाल जुलूस मजबूती से सभी शिक्षक लामबंद होकर अपनी सहभागिता दर्ज करनी है। बैठक में मंडल प्रर्वेक्षक एवं प्रदेश संगठन मंत्री रजत प्रकाश बुलंदशहर, जिलाध्यक्ष राजन खान हापुड़, जिलाध्यक्ष राजमणि पाल मेरठ, जिला अध्यक्ष मुनीराम यादव, विचित्रा, रामेन्द्री गुरयान, अंजलि, मोनिका, राजेश कुमार, अब्दुल, विजेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार, विजय कुमार, आशीष त्रिपाठी, प्रवीण सैनी, नरेंद्र कुमार, नीरज चौहान, शिवपाल सिंह, भूपेंद्र शर्मा, देवेश गुर्जर, ऋषिपाल सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।

### एसआईआर: लोकतंत्र पर हमला



**बिजनौर।** जिला कांग्रेस कमेटी, बिजनौर की अध्यक्ष हेनरिता राजीव सिंह ने SIR-2026 मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को 'लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार' बताया है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार जनपद में 2 लाख 64 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से गायब पाए गए हैं। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की आवाज को दबाने का प्रयास है। श्रीमती सिंह ने कहा यह केवल वोटों की कटौती नहीं है, बल्कि गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज की आवाज को कुचलने की कोशिश है। यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि SIR-2026 की आड़ में एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति के तहत उन क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है, जहां दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या अधिक है। यह उनके संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने और उन्हें राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेलने का प्रयास है। आखिर क्यों सबसे अधिक वोट उन्हीं इलाकों से गायब हुए जहां कमजोर वर्ग निवास करते हैं। श्रीमती हेनरिता राजीव सिंह ने कहा जब सरकार और प्रशासन मिलकर आम नागरिक के वोट को ही खत्म करने लगें, तो समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई वैध मतदाताओं के नाम या तो सूची से हटा दिए गए हैं या गलत तरीके से दर्ज किए गए हैं, जो प्रशासनिक लापरवाही या जानबूझकर की गई कार्रवाई का संकेत देता है।

## एक नजर

### समाधान दिवस में समस्याओं को सुना



**अफजलगढ़।** कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस के दौरान सात शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अन्य शिकायतों का निस्तारण कराने हेतु विभागीय अधिकारियों व लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। समाधान दिवस में थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि यदि किसी विवाद से कोई शांति व्यवस्था भंग होने का अंदेशा है, तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दें। कानून को अपने हाथ में लेने वालों के साथ सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसएसआई श्रीपाल ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, एसआई हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक जयवीर सिंह सहित कानूनगों अफजलगढ़ योगेन्द्र कुमार, कानूनगो कासमपुरगढ़ी नरेश कुमार, लेखपाल गौरव चौहान, लेखपाल जितेंद्र प्रताप सिंह, लेखपाल अनिरुद्ध चौहान, ऋषिपाल सिंह, नागेन्द्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार, फूल सिंह, लेखपाल चंचल रानी, लेखपाल तेजपाल सिंह, लेखपाल दीपेन्द्र कुमार तथा लेखपाल राखी चौहान सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

### चोरी का आरोपी दबोचा



**किरतपुर।** पीड़ित मजहर परवेज पुत्र कमरूद्दीन निवासी मौहल्ला मीठाशहीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके नवनिर्मित मकान से बिजली के तार का बंडल, एक प्रेशर पम्प एवं एक पानी की टंकी चोरी कर ली गई है। तहरीर के आधार पर थाना किरतपुर में मुकदमा अपराध संख्या 99/2026 धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर आज आरोपी आमिर पुत्र युनूस निवासी मौहल्ला लुकमानपुरा कस्बा किरतपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया एक प्रेशर पम्प एवं एक टंकी बरामद की है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में गोवध अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट एवं आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कस्बा इंचार्ज दीपक नागर, कांस्टेबल सचिन पंवार एवं कांस्टेबल चंद्रशेखर शामिल रहे। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### थाने में अमन कमेटी की बैठक



**किरतपुर।** अम्बेडकर जयंती के मद्देनजर थाने में अमन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी नई परंपरा या कार्यक्रम बिना प्रशासन की अनुमति के शुरू नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि पूर्व से चली आ रही परंपराओं को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जाए। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने से बचें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे।

### सिलाई कढ़ाई व बुनाई केंद्र का शुभारंभ



**नजीबाबाद।** मौहल्ला संतोमालन में विलेज डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा एक सिलाई कढ़ाई व बुनाई के केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक तसलीम अहमद द्वारा एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती बिंदु सर्राफ द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता राज बहादुर सैनी एवं उनके सहयोगी लखबीर सिंह एवं संचालन मधु माहेश्वरी द्वारा किया गया। जिसमें विधायक हाजी तसलीम अहमद द्वारा कहा गया कि इस केंद्र पर सभी छात्रों को नि:शुल्क सिलाई कढ़ाई व बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा और महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जाएगा। जिससे वह भविष्य में स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आगे बढ़ सके एवं भविष्य में विलेज डेवलपमेंट सोसाइटी के बहुत आगे जाने की कामना की है और संस्था के कार्यों की बहुत ही सराहना की है। इस दौरान मंजू जौहरी, आशीष अग्रवाल, सुरेखा मित्तल, राजबाला शर्मा, नीरू खन्ना, मोना भटनागर, मीणा खन्ना, बबीता, पायल, अनीता, सोनल इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

# हज ज़ायरीनों की स्मार्ट वाच करेगी निगरानी

**○ रास्ता भटकने पर भारतीय टीम आसानी से ट्रैक कर सकेगी, पांच सौ से अधिक ज़ायरीनों को दिया प्रशिक्षण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। ज़ीयरीनों के जाने से पूर्व प्रशिक्षण और अन्य प्रक्रियाओं को तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। मदरसे में आयोजित शिविर में जायरीनों को प्रशिक्षित कर विस्तृत जानकारियां दी गईं।

मरकजी मदरसा अहले सुन्नत में आयोजित शिविर में हज पर जाने ज़ायरीनों को प्रशिक्षण के दौरान हज ट्रेनर तकी अशरफ ने बताया कि इस बार जिले से 502 हाजी पवित्र हज यात्र पर जा रहे हैं, जिनमें से करीब 450 से अधिक लोग इस ट्रेनिंग कैंप में शामिल हुए। शिविर में हज के अहम अरकान और खास तौर पर पांच महत्वपूर्ण दिनों की जानकारी विस्तार से दी गई। साथ ही हज सुविधा ऐप और पहली बार दी जा रही स्मार्ट वाच के इस्तेमाल को लेकर भी जागरूक किया गया। यह स्मार्ट वाच हाजियों की सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है, जिससे रास्ता भटकने पर अलर्ट मिलेगा और भारतीय टीम उन्हें आसानी से ट्रैक कर सकेगी। धर्मगुरु कारी वसी अशरफ ने हाजियों को एहराम पहनने का सही तरीका प्रयोगात्मक और मौखिक दोनों माध्यम से से जानकारी दी। जिससे ज़ायरीनों को यात्रा के दौरान कोई परेशानी न हो। इसके अलावा चिकित्सक डा. शाने रब ने हाजियों को बुखार, खांसी-जुकाम जैसी सामान्य बीमारियों से बचाव के लिए दवाइयों की किट भी वितरित की, जबकि खाने-पीने की व्यवस्था को लेकर भी बड़ा बदलाव किया। इस बार हज कमेटी और सऊदी सरकार के निर्देश के अनुसार भोजन की व्यवस्था पूरी तरह हज कमेटी के जिम्मे होगी। वहीं कुर्बानी को लेकर भी सख्ती बरती गई है। अब निजी तौर पर कुर्बानी की अनुमति नहीं होगी, बल्कि यह प्रक्रिया केवल हज कमेटी आफ इंडिया या सऊदी बैंक के माध्यम से ही पूरी की जाएगी।



सम्भल। मदरसा अजमल उलूम में ज़ायरीन हज को प्रशिक्षण देते।

# विद्यालय खुद तय करेंगे अपनी समय सारिणी

**○शिक्षा विभाग ने टाइम टेबल तय करने की दी छूट**
**○स्थानीय परिस्थितियों में छात्रों की सुविधा को कर सकेंगे निर्धारण**
**○फैसले से विद्यालय प्रबंधन को अधिक लचीलापन मिलेगा**
**○शिक्षा की गुणवत्ता में भी आयेगा सुधार,छात्रों की उपस्थिति होगी बेहतर**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** शिक्षा विभाग ने शिक्षा व्यवस्था में बदलाव करते हुए अब विद्यालयों को अपनी समय सारिणी (टाइम टेबल) स्वयं तैयार करने की छूट दे दी है। इस नई व्यवस्था के तहत स्कूल अपनी स्थानीय परिस्थितियों, मौसम और छात्रें की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समय निर्धारण कर सकेंगे। इस फैसले से विद्यालय प्रबंधन को अधिक लचीलापन मिलेगा, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठयक्रम गतिविधियों को भी बेहतर तरीके से संचालित कर सकेंगे। खासकर गर्मी और सर्दी के मौसम में समय में बदलाव करने में आसानी होगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि इस कदम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और छात्रों की उपस्थिति भी बेहतर होगी। साथ ही, विद्यालयों को अपनी जरूरतों के अनुसार योजना बनाने का अवसर मिलेगा। अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि समय सारिणी बनाते समय छात्रों के हित, शिक्षकों की उपलब्धता और शैक्षणिक मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। नगर के शांतिदेवी कन्या इंटर कालेज प्रधानाचार्य सोमेश पाठक व आरआर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जिजोड़ा डांडा प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग के फैसले से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। निर्णय का पालन किया जायेगा।

## धूप तो बादल बीमारियों को दस्तक

**सम्भल।** सुबह को मौसम खुशगवार लेकिन दोपहर को धूप और बादल बीमारियों को दस्तक दे रहा है।

# स्कूलों में मनमानी से बच्चों को पढ़ाना हुआ मुश्किल

**मनमानी**

**○आरटीई के तहत चयिनत बच्चों से पंजीकरण के नाम पर भी शुल्क वसूली**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कोर्स की बिक्री में मनमानी और फीस बढ़ोत्तरी के चलते बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों के लिए अब मुश्किल हो रहा है। फीस, किताबें और वाहन का भाड़ा ओर मेंहगा कर दिया गया है,लेकिन इस और कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

नया शैक्षिक सत्र शुरू होते ही स्कूलों में प्रवेश शुरू हो गए हैं, लेकिन फीस और वाहन का भाड़ा होने से अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए सोचना पड़ रहा है। किताबों से लेकर कापियों तक सभी कुछ मेंहगा हो गया है। परन्तु अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नही है, जबकि मनमानी रोकने के लिए कार्यवाही अमल में नही लायी जा रही है। इससे स्कूल संचालक अपनी मनमानी बराबर कर रहे हैं। छाया रस्तोगी व मधु गुप्ता एवं अंजुला रानी ने कहा कि पहले ही फीस ज़्यादा था। अब और बढ़ोत्तरी मध्यम परिवार को भारी पड़ेगी। केसे बच्चों के प्रवेश हो सकेंगे। विशाल शर्मा व हिना फातिमा ने कहा कि किताब कापी व वाहन का खर्च भी बढ़ा दिया गया है। इससे भी खर्च का बोझ कमर तोड़ रहा है। जबकि वाहनो में भी बच्चों को बैठाने की सीट नही मिल पाती। हद तो इतनी हो गयी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत चयन होने वाले नौनिहालों के अभिभावकों से पंजीकरण शुल्क भी वसूला जा रहा है जबकि कोर्स की तो पूछो ही नहीं। यु के जी, नर्सरी और एल के जी के बच्चों का कोर्स दो हजार बाईस सौ और ड्रैस समेत चार से साढ़े चार हज़ार का दिया जा रहा है। ऐंसा नहीं है कि किसी भी दुकान से कोर्स को खरीद लिया जाये बल्कि स्कूल के निकट अथवा चुनिंदा दुकानों से ही कोर्स खरीदा जा सकता है। जिलाधिकारी की ओर से इस उत्पीड़न को रोकने की पहल की गई थी लेकिन जाने क्यों अब इन स्कूलों की मनमानी खत्म नहीं हो रही है। बेचारा मरता क्या नहीं करता मजबूर होकर अभिभावक मेंहगे और मनमाने दामों पर किताबें व कापियां खरीदकर ही स्कूलों में भेज रहा है। अभिभावको ने अधिकारियों से स्कूलों की मनमानी रोकने और शिक्षा की आड़ में उन पर जबरदस्ती डाले जा रहे बोझ बंद करने के लिए कदम उठाने की मांग की है।बहरहाल जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग निजि स्कूलों की इस मनमानी को रोक सकेगा अथवा नहीं समय बता पायेगा।

## हर साल ली जा रही है बिल्डिंग फीस

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** स्कूलों में कंडली मारे बैठे कुछ संचालकों ने तो अति कर दी है। अभिभावकों का उत्पीड़न कोर्स तक सीमित नहीं है बल्कि बिल्डिंग फीस भी वसूली जाती है। जबकि स्कूल की मान्यता ही तब दी जाती है जब बिल्डिंग पूरी होती है लेकिन इसके बावजूद कुछ स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों से बिल्डिंग फीस भी हर साल वसूली जा रही है। इनमें प्रबंधकीय विवाद को प्रसिद्व एक स्कूल सबसे आगे है।

# फुले के आदर्शों को अपनाकर भेदभाव रहित समाज बनाने का लें संकल्प

**○सपाइयों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर किया माल्यार्पण**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** महात्मा ज्योतिबा फुले को जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने याद किया ओर भेदभाव रहित समाज बनाने का संकल्प लिया। मनाई गई समाजवादी पार्टी के बहजोई स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा ुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुणे, महाराष्ट्र में हुआ था। वे 19वीं सदी के महान समाज सुधारक, विचारक, लेखक और क्रांतिकारी थे। उन्होंने जीवन भर जाति-व्यवस्था, छुआछूत, बाल-विवाह और स्त्री-शिक्षा के अभाव जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष किया। सत्यशोधक समाज की स्थापना कर उन्होंने शोषित, वंचित और किसानों की आवाज को बुलंद किया। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री बांई फुले के साथ मिलकर 1848 में लड़कियों के लिए देश का पहला स्कूल खोला। उस दौर में महिलाओं और दलितों को पढ़ाना अपराध माना जाता था, फिर भी उन्होंने तमाम विरोध सहकर शिक्षा की अलख जगाई। उनका मानना था कि शिक्षा ही वह हथियार है जिससे गुलामी की जंजीरें टूट सकती हैं। उन्होंने कहा कि विधवा पुनर्विवाह, अनाथ बच्चों के लिए आश्रम खोलें सार्वजनिक सत्यधर्म उनके आदर्शों को अपनाकर भेदभाव रहित समाज बनाने का संकल्प लें, बैठक में पूर्व प्रत्याशी चंदौसी विमलेश कुमारी ओम प्रकाश प्रजापति ब्लॉक प्रमुख संजीव यादव उमेश यादव शोभित कुमार काका सद्दाम कुरेशी चेतन गुप्ता उमेश दिवाकर अशोक राणा उमेश यादव अशोक गुप्ता योगेंद्र यादव रियासत भाई मुकेश यादव नेताजी लाईक सिंह रत्नेश भारती कपिल देव नेत्रपाल राणा गेंदाल लाल राणा बब्बन मौर्य वीरपाल यादव साजिद कुरैशी साजिद कुरैशी विनीत कुमार मनीष कुमार पप्पू शर्मा नरेंद्र एडवोकेट ललतेश यादव अनिल यादव सोनू दिवाकर कमरे रेवाराम विजय यादव शेखर शर्मा आदि उपस्थित रहे।



सम्भल-कैम्प कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती मनाते सपा पदाधिकारी।

# लिंक एक्सप्रेस से सफर होगा आसान मुरादाबाद से अलीगढ़ की दूरी तीन घंटे में तय होगी

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। अब लिंक एक्सप्रेस ट्रेन के जरिए मुरादाबाद से अलीगढ़ का सफर महज तीन घंटे में पूरा किया जा सकेगा। इस नई सुविधा से दोनों शहरों के बीच यात्रा पहले के मुकाबले अधिक तेज और सुगम हो जाएगी। रेलवे द्वारा समय-सारणी में किए गए बदलाव और बेहतर संचालन व्यवस्था के चलते यात्रा समय में यह कमी आई है। इससे रोजाना यात्रा करने वाले यात्रियों, व्यापारियों और छात्रों को खासा लाभ मिलेगा। धर्मेन्द्र कुमार व दिनेश कौशल ने कहा कि यात्रियों के लिए कम समय में सफर पूरा होने से उनकी दिनचर्या आसान होगी और समय की बचत भी होगी। अनिल गुप्ता व चंद्रशेखर गुप्ता ने कहा कि इस नई व्यवस्था से क्षेत्र के विकास और यातायात सुविधा में सुधार होगा। यह यातायात की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वह समय का ध्यान रखते हुए निर्धारित समय पर स्टेशन पहुंचे।









## स्कूल संचालकों के खिलाफ उठने लगीं आवाज़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नया शिक्षण सत्र शुरू होते ही स्कूलो में कोर्स व फीस एवं रजिस्ट्रेशन के नाम पर लूट-खसोट शुरू हो गई है। शिक्षा की दुकाने चला रहे स्कूलो में अभिभावकों की जेबों पर पड़ रहे डाके पर रोक न लगने से क्षुब्ध अब अभिभावकों की आवाजें उठने लगी हैं।


नया शिक्षण सत्र आज से आरम्भ हो गया है। स्कूलो में कोर्स के नाम पर जमकर अभिभावकों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है। गिनी-चुनी दुकानों पर ही कोर्स लेने अभिभावकों को लेने पर मजबूर किया जाता है। 50 से 60 प्रतिशत कमीशन लेकर खुल्लम-खुल्ला लूट की जा रही है। स्कूलो में चल रहे खेल पर कोई अंकुश शिक्षा विभाग और से नही लगाया गया है। स्कूल संचालकों की मनमानी से तंग आकर अब अभिभावकों ने जबान खोलना शुरू कर दिया है। शिक्षा विभाग हो या जिला प्रशासन लोग निति स्कूल संचालकों के खिलाफ मंह खोलने और विरोध प्रर्दशन करने का भी मन बनाने लगे हैं। पूर्व सालों में भी कुछ अभिभावक जिलाधिकारी के सामने अपना विरोध दर्ज करा चुके हैं।

# सामाजिक समरसता रखने को नारी समाज से भी बनाया जाए नामित सभासद: सीमा

**○नारी उत्थान समिति की अध्यक्षा ने प्रमुख सचिव को भेजा पत्र, महिला प्रतिनिधि न होने पर जताया रोष**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नारी शक्ति और नारी सशक्तिकरण को लेकर जागरूक और उनके उत्थान को लेकर प्रदेश व केन्द्र सरकार की ओर से अनेकों कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं लेकिन नगर पालिका परिषद में एक भी महिला को नामित सभासदों के स्थान नहीं देने पर सवाल खड़े हो गए है। जबकि महिलाओं की अंदेखी के विरूद्व आवाज ीी निकलकर बाहर आने लगी है। स्वयं सेवी संस्था की अध्यक्षा ने प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर रोष प्रकट किया है और उन्हे सभासद नामित करने की मांग की है।



प्रमुख सचिव को भेजे पत्र में नारी उत्थान समिति की अध्यक्षा सीमा आर्या ने नगर पालिका परिषद में नामित किए गए पांच सभासदों में एक भी महिला प्रतिनिधि नहीं होने पर रोष प्रकट किया हैं उन्होने कहा कि वह स्वयं समाजिक समरसता बनाये रखने को नारियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। जबकि नगर पालिका परिषद में एक भी महिला का नामित सभासद नहीं बनाया गया। जबकि नारियों को उचित प्रतिनिधित्व देना शासन का मुख्य दायित्व है। जबकि नारी उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है तथा नारी को स्वावलम्बी बनाने को शासन अनवरत रूप से प्रयासरत भी है। लेकिन फिर भी महिला समाज से नामित सभासदों में प्रतिनिधित्व नही देना खेद का विषय है। उन्होने महिला समाज से उन्हे नामित सभासद बनाने की मांग की है।

# बाबा साहेब की विचारधारा सिर्फ बसपा में: पीरजादा खालिद

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर में अपने कार्यालय पर बहुजन समाज पार्टी के नेता मोहम्मद खालिद पीरजादा ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को सही मायनों में केवल बसपा ही आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्व रही है। उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई पार्टियां बाबा साहब के नाम का इस्तेमाल तो करती हैं, लेकिन उनके सिद्धांतों पर अमल नहीं करतीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बाबा साहब की सोच को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि बसपा ही वह मंच है जहां वंचित, शोषित और दलित समाज को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। पार्टी आगामी चुनावों में भी इसी विचारधारा के साथ जनता के बीच जाएगी। इस दौरान कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पार्टी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से मिलता है चुनावों में फायदा: पंकज गुप्ता

**○नगर इकाई के दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान की तीन सत्रों से शुरूआत**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेश में आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के करीब आते-आते भाजपा की ओर से इसकी तैयारियां तेज कर दी है। चुनावी बिगुल बजने में अभी काफी समय है लेकिन भाजपा आला कमान के निर्देशों पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को टिप्स देना शुरू कर दिया है। इसी को लेकर भाजपा नगर इकाई के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तीन सत्रों से शुरुआत की गई है।

माथुर वैश्य धर्मशाला में आयोजित महाअभियान के पहले सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी इतिहास की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने अब तक रहे राष्ट्रीय अध्यक्षों के बारे 1-1 कर विवरण दिया कि किस प्रकार उन्होंने पार्टी के कार्यों में योगदान दिया। संजय संख्याधर ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। दूसरे सत्र में पंकज गुप्ता ने कहा कि एक पार्टी के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरी होता है। जिसका हमें चुनाव में फायदा होता है हमारे लिए पार्टी और राष्ट्र महत्वपूर्ण है। भाजपा नेता रूपेश सर्राफ ने कहा कि एक कार्यकर्ता के लिए प्रशिक्षण से पार्टी की विचारधारा के बारे में बताया जाता है कि पार्टी किस तरीके से किस प्रकार से अपनी योजना को तैयार कर रही है। तीसरे सत्र में मुख्य वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने पार्टी की कार्य पद्वति के बारे में अवगत कराया। उन्होने बताया कि किस प्रकार अपनी योजनाओं को एक आम जनमानस तक पहुंचना है। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही है। उन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारा मुख्य कार्य है। कार्यक्रम अध्यक्ष डा. अरविंद गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण का प्रत्येक कार्यकर्ता को बहुत ही लाभ प्राप्त होगा कहां की किस प्रकार में प्रशिक्षण हमारी होने वाली योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम मे नगर अध्यक्ष कशिश कौशल, सौरभ गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, शोभित गुप्ता, गोपाल शर्मा, विपिन गुप्ता, मुकुल रस्तोगी, दिनेश कुमार जाटव, सुनील राजपूत, कैलाश चंद्र गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, हर्षित शर्मा, निधि शर्मा, प्रभात सर्राफ, मयंक आर्य आदि मौजूद रहे।



सम्भल-माथुर वैश्य धर्मशाला में महा प्रशिक्षण अभियान में पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-एमजीएम पीजी कॉलेज में नशे के विरुद्ध शपथ दिलाते।

### एक युद्ध नशे के विरुद्ध एमजीएम में दिलाई शपथ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एमजीएम कालेज में एक युद्व नशे के विरुद्व कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने नशे के विरुद्व शपथ ग्रहण की। उक्त शपथ वरिष्ठ प्राध्यापक उर्दू विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। इससे शरीर कमजोर होता है, दिमाग की कार्यक्षमता घटती है और कई गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक रूप से भी कमजोर हो जाता है और परिवार में तनाव बढ़ता है। इससे रिश्ते टूटते हैं, अपराधा की प्रवृत्ति बढ़ती है और भविष्य अंधकारमय हो जाता है। इसलिए नशे से दूर रहना ही समझदारी है।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, छात्र छात्राओं और कर्मचारीगण ने शपथ ली।

### ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में योजनाओं की जानकारी देने को किया प्रेरित

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** एम.जी. एम.पी.जी. कालेज में मिशन शक्ति फेज 5 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत छात्राओं को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने को प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग के असिस्टेन्ट प्रो. डा. निलेश कुमार ने कहा कि हमारे देश में महिलाओं को आर्थिक रूप से सुधार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने बहुत सी योजनाएं चला रखी है जिनमें सुकन्या समृद्वि योजना लखपति दीदी योजना लाडली बहन और पीएम मुद्रा जैसी कई योजनाएं चल रहीं हैं। ये योजनाएं शिक्षा स्वास्थ्य और व्यवसाय के लिए वित्तीय मदद छात्रवृत्ति और कम ब्याज पर उपलब्ध लोन व शिक्षा के क्षेत्र में योगदान प्रदान कर रहीं हैं।

# महिलाओं किशोरियों को डिजिटल सुरक्षा से किया सतर्क

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** मिशन शक्ति 5 के दूसरे चरण अभियान के तहत थाना गुन्नौर पुलिस की मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा।

मिशन शक्ति टीम ने गांवों, स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। एसआई गुरजिंदर कौर गांव अकबरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला सहायता हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। इसके साथ ही टीम द्वारा साइबर अपराधों के बढते मामलों को देखते हुए महिलाओं और किशोरियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया दुरुपयोग एवं डिजिटल सुरक्षा के बारे में भी सतर्क किया गया। उन्हें बताया गया कि किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या मैसेज से सावधान रहें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। पुलिस टीम ने यह भी संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में बिना झिझक तुरंत पुलिस को सूचित करें। थाना गुन्नौर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्व है। इस जागरूकता अभियान से क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और उन्होंने पुलिस की इस पहल की सराहना की। मिशन शकित-5 अभियान के माध्यम से क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा रहा है। इस दौरान महिला कांस्टेबल राधा, प्रियंका, कांस्टेबल गौरव आदि रहे।



सम्भल- ग्राम अकबरपुर में महिलाओं को जागरूक करते।

# महाराजा अक्रूर जी जयंती पर वार्ष्णेय समाज ने उनके आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर में वार्ष्णेय समाज के आराध्य महाराजा अक्रूर जी की जयंती श्रृद्वा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बारहसैनी समाज के लोगों ने एकत्रित होकर महाराजा अक्रूर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। समाज के सदस्यों ने महाराजा अक्रूर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। जहां समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखा गया उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया इस दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराजा अक्रूर के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाराजा अक्रूर ने सदैव धार्म सत्य और समाज सेवा का मार्ग अपनाया जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर योगेश गुप्ता,अनिल वार्ष्णेय संजय वार्ष्णेय नीरज वार्ष्णेय अभय वार्ष्णेय सुनीत वार्ष्णेय सभासद विवेक वार्ष्णेय अरुण कुमार उर्फ डिम्पल आकाश वार्ष्णेय शिवम वार्ष्णेय हर्षिव भोला सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने समाज की उन्नति और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

**कार्यालय शाह टाइम्स सम्भल**
**समाचार और विज्ञापन व पंवासा, बहजोई, धनारी में एजेंसी लेने के लिए सर्म्पक करे।**
**मोबा:- 9837240139, 8077243100**

# सुसाइड करने के लिए रेलवे ट्रैक पर पहुंचा युवक, जीआरपी की सतर्कता से बची जान

## युवक को आत्महत्या करने से बचाकर जीआरपी ने परिजनों के किया सुपुर्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जीआरपी थाना मुरादाबाद की तत्परता और सूझबूझ से एक युवक को आत्महत्या करने से बचाकर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। यह सराहनीय कार्य दिनांक 10 अप्रैल की रात्रि में किया गया, जिसकी चारों ओर प्रशंसा हो रही है।पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी रेलवे अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ के नेतृत्व में जीआरपी टीम ने यह कार्रवाई की।जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति, जो पारिवारिक विवाद के चलते घर से नाराज होकर आत्महत्या के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन मुरादाबाद पहुंचा था, उसके सुसाइड से पहले के वीडियो जीआरपी कंट्रोल रूम को व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त हुए। सूचना मिलते ही रात्रि अधिकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार अपनी टीम के साथ सक्रिय हो गए और पूरे स्टेशन परिसर में सघन तलाश अभियान चलाया। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 5 के अंतिम छोर पर, मुरादाबाद से बरेली की ओर रेलवे ट्रैक पर बैठे एक व्यक्ति को रात करीब 11:40 बजे देखा गया। पुलिस टीम ने तत्परता



और समझदारी का परिचय देते हुए उसे सुरक्षित ट्रैक से हटाकर थाना लाया।थाने में उसे महिला हेल्प डेस्क पर बैठाकर पानी आदि उपलब्ध कराया गया और शांतिपूर्वक बातचीत कर उसकी पहचान की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम आशिफ पुत्र निसार अहमद, निवासी ग्राम बहादुरगंज थाना डिलारी, जिला मुरादाबाद बताया। उसकी इच्छा के अनुसार परिजनों से संपर्क कर उन्हें थाने बुलाया गया।परिजनों के आने पर आवश्यक लिखित कार्यवाही पूरी कर आशिफ को उसके भाइयों के सुपुर्द कर दिया गया। अपने परिजन को सकुशल पाकर परिवार बेहद भावुक और खुश नजर आया। परिजनों ने जीआरपी मुरादाबाद पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया।इस सराहनीय कार्य में शामिल पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार वशिष्ठ, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, हेड कांस्टेबल प्रशांत शर्मा, सुभाष यादव, राहुल कुमार तथा कांस्टेबल रोहित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम मनकुला गुलरिया निवासी अजय कुमार (पुत्र विशंभर सिंह) सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय कुमार को मुखिया के ढाबे के ठीक सामने किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के माध्यम से घायल अजय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल अजय कुमार की उम्र लगभग 35 वर्ष है और वह बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत हैं। हादसे की सूचना मिलते ही उनके परिवार के सदस्य भी अस्पताल पहुंच गए और उनका हालचाल लिया। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा अज्ञात वाहन चालक की जल्द पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।



## एक नजर

### सीएचसी बिलारी महिला चिकित्सालय का निरीक्षण, मातृ-शिशु सुरक्षा पर विशेष फोकस

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी स्थित महिला चिकित्सालय का निरीक्षण चिकित्सक डॉ. विजुल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए



आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण उपरांत डॉ. विजुल ने समस्त स्टाफ नर्स एवं सपोर्टिंग स्टाफ के साथ एक सहयोगात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में विशेष रूप से प्रसव (डिलीवरी) से संबंधित व्यवस्थाओं तथा नवजात शिशुओं को समय से एसएनसीयू (Special Newborn Care Unit) में भर्ती कर तत्काल उपचार उपलब्ध कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रसव के बाद नवजात की स्थिति पर विशेष निगरानी रखते हुए जरूरत पड़ने पर बिना विलंब के एसएनसीयू में भर्ती सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और बेहतर प्रबंधन से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को टीम भावना के साथ कार्य करने और अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने की आवश्यकता है। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेशम, मुरादाबाद टीम के साथ पहुंचे डॉ. विभोर जैन, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, एआरओ विकेश कुमार एवं अमित कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर बल दिया।

### डॉ. हैनीमैन के द्वारा प्रदान की गई रोगों को समूल नष्ट करने की चिकित्सा पद्धति

**मुरादाबाद।** होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन का 271वे जन्मदिन पर एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय के जी के मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मुकेश गौतम मुख्य अतिथि रहे वक्ताओं ने डॉ हैनीमैन के द्वारा चिकित्सा जगत को प्रदान की गई रोगों



को समूल नष्ट करने वाली क्रांतिकारी चिकित्सा पद्धति की गुणवत्ता का बखान किया तथा डॉ हैनीमैन के द्वारा होम्योपैथी के प्रति समर्पित प्रेरणादायई जीवनी का बखान किया। समारोह में संस्था के अध्यक्ष डॉ आर के शर्मा सचिव डॉ कुलदीप शर्मा, डॉ एस पी सिंह, डॉ नूतन आर्य, डॉ नवीन कुमार ,डॉ रजनी सिंह ,डॉ एस पी सिंह डॉ पी के गर्ग ,डॉ डी के चौहान ,डॉ अंशुमान गौड़ ,डॉ अंकिता त्यागी, डॉ हर्षित ने भाग लिया।

# दंत चिकित्सा में शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के संगम से नए युग का सूत्रपात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बाबा कीनाराम ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, चंदौली के दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. पीयूष शिवहरे ने डायोड लेजर पर बोलते हुए कहा कि डायोड लेजर तकनीक ने आधुनिक दंत चिकित्सा में क्रांति ला दी है, जिससे अधिक सटीक, दर्द रहित और प्रभावी उपचार विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। उन्होंने बताया,लेजर - लाइट एम्प्लीफिकेशन बाय स्टिमुलेटेड एमिशन ऑफ रेडिएशन एक ऐसा उपकरण है, जिसके उपयोग से ऑपरेशन के आसपास के क्षेत्रों को न्यूनतम क्षति पहुंचाते हुए कोमल और कठोर ऊतकों को काटने, आकार देने या हटाने का कार्य का आसान हो जाता है। डॉ. शिवहरे ने दंत चिकित्सा में विभिन्न प्रकार के लेजर के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया, डायोड लेजर,सीओ 2 लेजर, एनडीएग लेजर, ईआर लेजर प्रमुख हैं। इनमें से डायोड लेजर अपने कॉम्पैक्ट आकार, किफायती मूल्य और कोमल ऊतकों से संबंधित प्रक्रियाओं में अधिक प्रभावशीलता के कारण विशेष रूप से उपयोगी माना जाता है। डॉ. शिवहरे तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेम्परेरी डेंटिस्ट्री पर आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के समापन में गेस्ट स्पीकर बोल रहे थे। कॉन्फ्रेंस में कुल 250 रिसर्च पेपर्स एंड पोस्टर्स प्रेजेंट किए गए। यूजी श्रेणी में टीएमयू की योगेशवरी और वृंदा अग्रवाल का पोस्टर अव्वल,जबकि पीजी में डॉ. मेघना का पोस्टर प्रथम, रिसर्च पेपर प्रेजेंटेशन में डॉ. हर्षित सेठी फर्स्ट



आए। सिंहगढ़ डेंटल कॉलेज से डॉ. विनीत विनय ने एंटरप्रेन्योरशिप इन डेंटिस्ट्री एंड एआई डिडेक्शन ऑफ ओरल कैंसर पर बोलते हुए कहा, तकनीकी प्रगति को बाजार तक पहुंचाने में उद्यमियों की अहम भूमिका है। डेंटल स्टार्टअप स्थापित करके, उपयोगकर्ता के अनुकूल उपकरण विकसित करके और रोगी प्रबंधन के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाकर वे नवाचार और नैदानिक अभ्यास के बीच की खाई को पाट सकते हैं। कई उद्यमी टेलीडेंटिस्ट्री पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे परामर्श और अनुवर्ती जांच, विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में अधिक सुविधाजनक हो जाती हैं। शोधकर्ता, नवप्रवर्तक और उद्यमी मिलकर दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक नए युग का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके सहयोगात्मक प्रयासों से रोगी देखभाल में सुधार हो रहा है, दक्षता बढ़ रही है और आधुनिक दंत उपचार अधिक किफायती और व्यापक रूप से उपलब्ध हो रहे हैं। यह गतिशील तालमेल मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में संभावनाओं की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ा रहा है। डॉ. राजेंद्र गौड़ा पाटिल, डॉ. अभिनय अग्रवाल, डॉ. निमिष अग्रवाल, डॉ. विकास सिंह, डॉ. शिल्पा दत्ता मलिक, डॉ. उपेंद्र मलिक, डॉ. हरतिमा निगम, डॉ. जैनुल आब्दीन, डॉ. सिवान सतीश, डॉ. दीपक ठाकुर, डॉ. कार्तिकेय सक्सेना, डॉ. अतुल जैन, डॉ. रचना बहुगुणा की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इनके अलावा स्टुडेंट्स तीशा जैन,साक्षी जयसवाल, उत्सव बेरा आदि की कॉन्फ्रेंस में सक्रिय भूमिका रही।

### जेबर एयरपोर्ट का नाम महर्षि दयानंद सरस्वती के नाम पर हो

**मुरादाबाद।** ग्रेटर नोएडा में जेबर एयरपोर्ट को महर्षि दयानंद सरस्वती नाम देने के आंदोलन में भाग लेने के लिए मुरादाबाद के प्रति. निधि मंडल ने भी सहभागिता की और ग्रेटर नोएडा के ईशान आयुर्वेदिक संस्थान में आयोजित विशाल जनसभा में भाग लिया तथा



मुरादाबाद की सभी आर्य संस्थाओं की ओर से समर्थन पत्र सौंपे। जन सभा को आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद मुरादाबाद के मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने अपने सम्बोधन में कहा आज आर्य समाज विश्व की सबसे प्राचीन संस्था है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने भारत की सभ्यता और संस्कृति की रक्षार्थ बड़ा परिश्रम किया। महर्षि ने मानवों से वेदों की ओर लौटने का आव्हान किया। यज्ञ की रक्षा और संवर्धन का कार्य किया। महिलाओं को अधिकार दिलाने का आंदोलन किया, गौरक्षा आंदोलन किया। हिंदी को को राष्ट्र भाषा घोषित करने की वकालत की।देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे महान व्यक्तित्व के नाम कोई राष्ट्रीय स्तर पर कोई सरकारी संस्थान नहीं है। आर्य समाज भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करता हैं कि जेंबर एयरपोर्ट को महर्षि दयानंद सरस्वती का नाम दिया जाये। जनसभा में पश्चिमी उत्तर, दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा के आर्यजन उपस्थित रहे। मुरादाबाद से डा राम मुनि, पंडित वीरेंद्र आर्य, रामपाल सिंह आर्य, उमेश आर्य और दिनेश दीक्षित उपस्थित रहे।

# सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति का कैंप कार्यालय पर हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति के नगर स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और जोरदार नारेबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे परिसर में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश प्रजापति ने कहा कि आज के समय में समाज की एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने प्रजापति समाज सहित सभी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होता है तो कोई भी ताकत उसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियां हमेशा गरीब, किसान, नौजवान और मजदूर वर्ग के हित में रही हैं। पार्टी ने अपने शासनकाल में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं, जिन्हें जनता आज भी याद करती है। डॉ. राकेश प्रजापति ने कहा कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की एकजुटता से भारतीय जनता पार्टी घबराई हुई है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में यह एकता निर्णायक भूमिका निभाएगी और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन निश्चित है।उन्होंने विश्वास जताया कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और अखिलेश यादव एक बार फिर उत्तर प्रदेश के



मुख्यमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, जिला सचिव कसीम आजाद, देशराज प्रजापति, अमरेंद्र चौधरी, सद्दाम सैफी, आमिल सिद्दीकी सभासद, रियाज पाशा पूर्व प्रधान, अमित जाटव, अरविंद सिंह, आले हसन, अदनान खान, फैसल इरफान, चंद्रकेश यादव, अकबर अली, हरवीर चौधरी, विश्वजीत सिंह यादव,अमन अंसारी पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में 2027 में समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया और पार्टी को मजबूत करने का भरोसा जताया।

# थाना समाधान दिवस में सुनी गई जनसमस्याएं, कई मामलों का मौके पर निस्तारण



**बिलारी।** शनिवार को कोतवाली बिलारी परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र से पहुंचे पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी विनय कुमार सिंह एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के दौरान फसलों से संबंधित जमीनी विवाद, पारिवारिक मामलों, वसूली और अन्य शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कोतवाली बिलारी पुलिस स्टाफ, तहसील प्रशासन के अधिकारी, लेखपाल, कानूनगो सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से किए जाते रहेंगे, जिससे आमजन को राहत मिल नहीं मिल रही है।

### थाना समाधन दिवस में सीओ ने सुनीं शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सीओ दीपक तिवारी व इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर द्वारा शिकायतों को सुना गया।

उन्होंने फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में इस बार शिकायतों की संख्या काफी कम रही।

दोपहर 02 बजे तक मात्र दो से चार शिकायतें ही दर्ज हो सकीं, जबकि संपूर्ण समाधान दिवस में आमतौर पर अधिक शिकायतें प्राप्त होती हैं। इस दौरान कानूनगो बाबूराम, लेखपाल अतुल पाठक, शिवम कुमार, सुधा, गोपाल सिंह, दानवीर सिंह, इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर तथा अपराध निरीक्षक विनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### लोगों की मांग पर वन विभाग ने कराई पेड़ की छटाई

**कांठ ( शाह टाइम्स )** लोगों की मांग पर वन विभाग ने आज थाने के सामने पेड़ की छटाई करा दी। बतादे की दो दिन पहले अंबेडकर जयंती को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें ओमप्रकाश बौद्ध ने थाने के सामने बने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वार के सामने पिलखंन के पेड़ के आ जाने का मुद्दा उठाया था उन्होंने कहा था कि लाखों की लागत से बने इस द्वार को एक पेड़ ने ढक रखा है इसलिए इसकी छटाई कराकर द्वार के सामने की बाधाए दूर कर दी जाए। आज सुबह वन विभाग मौके पर पहुंचा और दिनभर पेड़ की छटाई कराकर द्वार के सामने आ रही बाधाओ को दूर कर दिया।

### स्कूल चलो अभियान के तहत राजीपुर खादर में निकाली जागरूकता रैली

**कांठ( शाह टाइम्स )** स्कूल चलो अभियान के तहत आज उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खादर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया प्रभारी प्रधानाध्यापक विजेंद्र कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में निकाली रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया बच्चे हाथों में तख्ती लेकर गांव के विभिन्न गलियों से होकर गुजरे और लोगों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। हर बच्चा स्कूल जाए देश का भविष्य बन जाए जैसे नारों से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का काम किया रैली में सहायक अध्यापक पुनीत कुमार अरुण कुमार मोहम्मद अरीब शिवानी वशिष्ठ एवं बबीता आदि मौजूद रहे। रैली का समापन विद्यालय में ही किया गया।




# कार्यालय नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर (मुरादाबाद)

**पत्रांक:**- 12/ न0पं0भो0धर्म0/2026-27 **दिनांक:**- 10.04.2026

## ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर जनपद मुरादाबाद को वर्ष 2025-26 में **''15 वॉ वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग''** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर दिनांक 13.04.2026 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 04.05.2026 को दोपहर 04.00 बजे तक **Online** डाउनलोड एवं अपलोड किये जाने हेतु अपलोड की जाती है जो दिनांक-05.05.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगीं एवं उसी दिन अपरान्ह 02.15 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष **Online** खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तो का भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं **https://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

**( नीतू सिंह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर**
**( मुरादाबाद )।**

**( फरखन्दा जबीं )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर**
**( मुरादाबाद )**


# भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पर चले अभियान के तहत किया घर-घर संपर्क

**कांठ (शाह टाइम्स)** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना



दिवस पर चलाए जा रहे महा अभियान के अंतर्गत आज कार्यकर्ताओं ने महमूदपुर माफी गांव में जाकर घर-घर संपर्क अभियान चलाया इसमें सरकार की उपलब्धियां की पुस्तिका एवं पम्पलेट वितरण कर लोगों से आवाहन किया कि विश्व के सर्वाधिक सदस्य वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी को ही सपोर्ट करें। कहा कि मानववाद के उद्देश्य को लेकर यही पार्टी चल रही है सबका साथ सबका विकास आपका विश्वास के नारे के साथ आम जनमानस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती है देश का चतुर्मुखी विकास हो रहा है और सन 2047 तक देश को महा शक्ति बनाने के लक्ष्य को लेकर प्रत्येक नागरिक एवं कार्यकर्ता को काम करना है इस मौके पर सत्यवान राजपूत डॉक्टर नेपाल सिंह हरि सिंह अनुज बिश्नोई रिंकू जाटव अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।


**संबंध विच्छेद सूचना**

मैनें अपने पुत्र मुकेश कुमार को गलत संगत पड़ने और गलत व्यवहार करने पर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उसके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मंगू सिंह पुत्र श्री किशोरी सिंह निवासी-ग्राम मलकपुर सेमली थाना डिलारी तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

# लिंटर तोड़ते समय हादसा, युवक की मौत से परिवार में मचा कोहराम

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के लक्ष्मनगंज बारिश नगर में शनिवार को उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब एक पुराने मकान का लिंटर तोड़ते समय अचानक धड़ाम से नीचे गिर गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े और किसी तरह ईंटों के मलबे में दबे दो लोगों को बाहर निकाला। दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तकील पुत्र मतीन (24 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन शव को घर ले आए, जहां अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं, जिनके सिर से पिता का साया उठ गया। पत्नी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले के लोगों के अनुसार, मृतक का दो मंजिला मकान लगभग 30-35 वर्ष पुराना था, जिसमें ईंटों का लिंटर पड़ा हुआ था।



परिवार के लोग उसे तोड़कर नया निर्माण करने की तैयारी कर रहे थे। शनिवार सुबह करीब 09 बजे तकील पुत्र मतीन एक अन्य युवक के साथ लिंटर तोड़ने का काम कर रहा था, तभी यह हादसा हो गया। सूचना पर शीकरी गेट पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# शरीफनगर से ट्रक चोरी, ड्राइवर के पहुंचने पर नहीं मिला ट्रक

## सूचना पर ट्रक मालिक की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** थाना कांठ क्षेत्र के गाँव सिकंदराबाद निवासी सलीम पुत्र तस्लीम निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि घटना के बाद वाहन स्वामी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि टाटा एलपीटी 2518 टीसी ट्रक (रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 92 टी 6060) के पंजीकृत स्वामी हैं। उनके ट्रक पर इसरार अली पुत्र अबरार अली निवासी ग्राम हमीरपुर जिला रामपुर चालक के रूप में कार्यरत है। बताया गया कि दिनांक 21 मार्च 2026 को चालक इसरार अली ट्रक को कांठ से माल भरने के लिए हरियावाला ट्रांसपोर्ट ले गया था, जहां 22 मार्च को माल लोड होना था। इसी दौरान चालक अपनी ससुराल ग्राम शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा पहुंच गया और रात में वहीं रुक गया। उसने ट्रक को नेशनल स्कूल शरीफनगर के सामने खड़ा कर दिया।अगली सुबह करीब 6 बजे जब चालक ट्रक के पास पहुंचा तो ट्रक वहां नहीं मिला। ट्रक के गायब होने पर चालक ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने घटना की जानकारी वाहन स्वामी को दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ ट्रक चोरी की शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से जल्द कार्रवाई और वाहन बरामदगी की मांग की है। पुलिस पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करमामले की जांच में जुट गई है।

## श्रीशिरडी साई मंदिर में संस्थापक की नवमी पुण्यतिथि पर हुआ हवन यज्ञ

**चन्दौसी।** प्रगति विहार स्थित श्रीशिरडी साई मंदिर के संस्थापक स्वर्गीय श्योनाथ सक्सेना नवमी पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन किया गया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया तथा सभी उपस्थित लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंदिर के ट्रस्टी, पुजारी एवं स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

## एक नजर

### तेंदुए ने चार वर्षीय बच्चे पर किया हमला, पंचायत सदस्य ने लगाया वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक ठाकुरद्वारा के ग्राम दरियापुर में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। शाम करीब 5.30 बजे एक तेंदुए ने चार वर्षीय बच्चे हर्ष सैनी पर हमला कर दिया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने बच्चे को बचाने का प्रयास किया, तब जाकर तेंदुआ भागा। हर्ष को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जिला पंचायत सदस्य रो. हताश सैनी ने आरोप लगाया कि उन्होंने कई दिन पहले वन विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में तेंदुए के मूवमेंट की सूचना दी थी, लेकिन विभाग ने उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया। उन्होंने कहा, अगर समय रहते कार्रवाई की जाती तो यह हादसा टल सकता था। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने या खदेड़ने की तत्काल कार्रवाई की मांग की है।



### भाजपाइयों ने घर-घर संपर्क अभियान में सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**मुरादाबाद।** भाजपा चंद्र नगर मंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मंडल पदाधिकारियों ने फाजलपुर वार्ड और आसपास की बस्तियों में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया और योजनाओं की जानकारी दी। अभियान की शुरुआत क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती पूजा रानी एवं तुलाराम सैनी एडवोकेट के कार्यालय से की गई।इस दौरान स्थानीय लोगों से सरकार के कामकाज पर फीडबैक लिया गया, जिसमें अधिकांश लोगों ने सरकार की कार्यशैली पर संतोष जताया। कई लोगों ने कहा कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और केंद्र में नरेंद्र मोदी की नीतियों से देश आगे बढ़ रहा है।अभियान का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता ने किया, जबकि अशोक सैनी, महेश सैनी, मोंटी गुर्जर, डॉ. प्रमोद शर्मा, रवि सक्सेना समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। साथ ही हंसराज सिंह, महेंद्र जी और अन्य बूथ अध्यक्षों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के प्रभावशाली लोगों को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने बताया कि यह जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे सरकार की उपलब्धियां आम जनता तक पहुंचाई जा सकें और जनता की समस्याओं को भी जाना जा सके।



### नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने काफी तलाश के बाद अब पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 5 अप्रैल 2026 की रात उनकी 17 वर्षीय पुत्री को उत्तराखंड के काशीपुर गांव ठकिया गुलाबो निवासी पप्पू उर्फ मानव पुत्र गंगाराम उर्फ झवरा सिंह, निवासी बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया। पीड़ित के अनुसार, घटना के बाद उन्होंने अपनी पुत्री और आरा. पी की काफी तलाश की, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसी वजह से वह तुरंत रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका । पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर बेटी को बरामद कराए जाने कीमांग की । पुलिस ने पिता की तहरीर पर गंभीरता से लेते हुए आरा. पी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर युवक व किशोरी की बरामदगी के लिए तलाश शुरू कर दी है।

### श्रीमद्भागवत कथा से जीवन को मिलती है सही दिशा: शिवशंकर भारद्वाज

**चन्दौसी।** शक्तिनगर क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ हुआ। कथा वाचक शिवशंकर भारद्वाज ने अपने प्रवचनों में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा व्यक्ति को सही जीवन मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। इसके माध्यम से धर्म, भक्ति, प्रेम और सदाचार का संदेश मिलता है।

उन्होंने बताया कि आज के भौतिक जीवन में उलझे लोगों के लिए कथा आध्यात्मिक शांति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर विनेश सिंह, सोनू सिंह, सतेंद्र, अनिल गुप्ता, पुष्पेश शंखधार, अरविंद गुप्ता, रविंद्र सिंह सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# नई वोटर लिस्ट के अध्ययन में जुटे भाजपा कार्यकर्ता, बूथ स्तर पर किया गया परीक्षण

**ठाकुरद्वारा।** विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 144 की नई मतदाता सूची जारी होने श्के बाद भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय नजर आए। कार्यकर्ताओं ने बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के साथ मिलकर मतदाता सूची का गहन अध्ययन किया और उसमें दर्ज नामों का सत्यापन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सूची में नए जुड़े मतदाताओं, हटाए गए नामों एवं त्रुटियों की बारीकी से जांच की। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हों और किसी भी योग्य व्यक्ति का नाम छूटने न पाए।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि मतदाता सूची का सही और पारदर्शी होना लो.कतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए पार्टी स्तर पर इस प्रक्रिया को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के आशुतोष अग्रवाल, दिनेश प्रजापति, पंकज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर सूची का परीक्षण किया और आवश्यक सुझाव भी दिए।

# परिषदीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को ग्राम पंचायत कालाझांडा स्थित प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की रंगा. रंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और पूरा परिसर तालियों की गूंज से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से "ओल्ड एज होम" नाटक ने दर्शकों को भावुक कर दिया और माता-पिता के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया। वहीं "ऑपरेशन सिंदूर" नाटक ने देशभक्ति की भावना से सभी को ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने आंगनबाड़ी बच्चों की "लकड़ी की काठी" गीत पर प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। इसके अलावा गणेश वंदना, "मैं निकला गड्डी लेके", पहाड़ी लोकगीत और "मोबाइल बुरी बला" जैसे सामाजिक संदेशों से जुड़े कार्यक्रमों ने दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। एआरपी हरवीर सिंह, जयवेंद्र सिंह और रूपा आर्य ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें नियमित विद्यालय आने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पीएम श्री विद्यालय वोवदवाला के प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने "ऑपरेशन सिंदूर" प्रस्तुति देने वाले बच्चों को 500 रुपये की धनराशि देकर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सपना चौहान ने किया। इस दौरान विवेक कुमार आर्य, राजेश हितैषी, विजयपाल सिंह, पीयूष कुमार, रजनी मिश्रा, सोमवती शर्मा, आशीष, राजबाला देवी, राखी शर्मा, कुंतलेश, निशि सहित अनेक अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।




# थाना समाधान दिवस में सीओ ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को थाना नागफनी परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कोतवाली सुनीता दहिया ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।थाना समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें भूमि विवाद, आपसी कहासुनी, पारिवारिक मतभेद तथा अन्य स्थानीय समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। क्षेत्राधिकारी सुनीता दहिया ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों का समाधान निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जिन मामलों में राजस्व विभाग या अन्य विभागों की आवश्यकता हो, उनमें समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्रवाई की जाए।इस दौरान थाना प्रभारी नागफनी सहित पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

थाना समाधान दिवस के आयोजन से फरियादियों में संतोष देखा गया और उन्होंने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे आयोजनों से उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है और प्रशासन के प्रति विश्वास भी बढ़ता है।

# डारनी बिजलीघर से रविवार सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में डारनी स्थित बिजलीघर से जुड़े सभी गांवों में रविवार सुबह 09 बजे से रात्रि 09 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

अवर अभियंता संजय शर्मा ने बताया कि रविवार को 33/11 के0वी0 विधुत उपकेंद्र डारनी पर पांच एमबीए परिवर्तक की क्षमता वृद्धि कर उसके स्थान पर नया दस एमवीए परिवर्तक स्थापित किया जायेगा।

इसलिए रविवार, 12 अप्रैल को सुबह 09 बजे से रात्रि 09 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।



REQUIRED
L.S. Vidyapeeth
Approved by NCTE NRC, New Delhi.
Affiliated to
Guru Jambeshwar University Moradabad.
Principal- 01(For B.Ed)
Qualification As per University and UGC NCTE Norms, Experience 15 Years
Astt. Professor- 15 (For B.Ed) Maths, Physics & Chemistery, Botany, Zoology Hindi, English, And Social Study.
Astt. Professor- 01 (Physical Education)
Astt. Professor- 01 (Fine Art)
Astt. Professor- 01 (Performing Art)
Astt. Professor- 07 (For B.A.)
-: Subject's :-
Hindi, English, Sanskrit, Political Science, History, Sociology Economics, (One Post of each post.)
Qualification As Per University and UGC Norms. Salary- As Per University & State Govt. Norms .
Computer Operator- 02
Qualification- Basic Knowledge of Computer & Hindi Typing. Send your Bio-Data with Two Passport size Photograph and all relative Documents
L.S. Vidypeeth
Village:- Bahapur, P.O.Ujhari, Distt: Amroha
E-mail:lsvidyapeeth@gmail.com
Mobile No.:- 9412015921

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

उत्तर रेलवे
सूचना संख्या: 11/2026 दिनांक :- 10.04.2026

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 09/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:- विभिन्न खंडों में स्टेशन के सिग्नलिंग उपकरणों को बिजली आपूर्ति बढ़ाने के लिए सीएलएस पैनल और एरियल बंच केबल की व्यवस्था करने के लिए विद्युत कार्य। | 32879224.48 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद | 314400.00 | 12 (बारह) माह | निविदाएं दिनांक 04.05.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएँगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
1225/2026

# आईएफटीएम में विश्व वायुमंडल दिवस के अवसर पर हुआ 'ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा ''विश्व वायुमंडल दिवस" के अवसर पर एक 'ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। "प्रोटेक्टिंग द शील्ड" विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा वायुमंडल की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक प्रो. बी.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता समय की आवश्यकता हैं, जो कि विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से समृद्ध करते हैं बल्कि उन्हें सामाजिक एवं पर्यावरणीय दायित्वों के प्रति भी सजग बनाते हैं।

उन्होंने वायुमंडल को "हमारा सुरक्षा कवच" बताते हुए कहा कि इसके संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित भी किया। प्रतियोगिता के दौरान वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक ने विद्यार्थी प्रतिभागियों को जानकारी दी कि ''विश्व वायुमंडल दिवस" हर साल 10 अप्रैल को मनाया जाता है तथा युवाओं में वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए युवाओं में इस प्रकार की शैक्षणिक पहल अत्यंत आवश्यक है। वनस्पति विज्ञान के ही शिक्षक डॉ. अशोक कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से वायुमंडल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। क्विज प्रतियोगिता का संचालन डॉ. पूजा नारंग ने किया। इस प्रतियोगिता में 99 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जनमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी. (ऑनर्स) जेडबीसी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा फरी निगार और गरिमा गुप्ता ने प्रथम बीसीए, द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी अंकुश सागर ने द्वितीय एवंएम.एससी. (बॉटनी) द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा स्वाति सागर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. समीर चंद्रा, डॉ. शिव प्रताप सिंह एवं कु. मीनू का योगदान रहा।

# आरएसडी अकैडमी में वेलकम टू ए न्यू बिगनिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** शहर के रामगंगा विहार रोड स्थित आरएसडी अकैडमी, कॉलेज ऑफ फार्मेसी में "वेलकम टू ए न्यू बिगनिंग" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. विनोद कुमार, वाइस चेयरपर्सन डॉ. जी. कुमार एवं प्रिंसिपल डॉ. गरिमा मीनाक्षी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को संस्थान की शैक्षणिक गतिविधियों, अनुशासनात्मक नियमों और उपलब्ध करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। प्रिंसिपल डॉ. गरिमा मीनाक्षी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व को समझाया।कार्यक्रम के दौरान हाल ही में घोषित परीक्षा परिणामों की भी घोषणा की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली।सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे माहौल को जीवंत और उत्साहपूर्ण बना दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य और अन्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही, जिससे आयोजन सफल और यादगार बन गया।कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्रबंधन ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम ने न केवल नए छात्रों को संस्थान से जोड़ा, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने शैक्षणिक सफर की शुरुआत करने के लिए प्रेरित भी किया।



# श्रेयस पंजाब किंग्स की तीसरी जीत के रहे हीरो

**न्यू चंड़ीगढ़, वार्ता।** कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 69), प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने सात गेंदें शेष रहते सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में शनिवार को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने पंजाब किंग्स के लिए तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। सातवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रियांश आर्य को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।



प्रियांश आर्य ने 20 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउटकर सनराइजर्स हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। प्रभसिमरन सिंह ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 51 रन बनाये। कूपर कॉनली 11 रन बनाकर शिवांग कुमार का तीसरा शिकार बने। 17वें ओवर में हर्ष दुबे ने नेहाल वढेरा को बोल्ड कर जीत की ओर बढ़ रही पंजाब लकग्स को चौथा झटका दिया। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 69 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स ने 18-5 ओवरों में चार विकेट पर 223 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। श्रेयस अय्यर ने 33 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 69 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 16 रन बनाकर नाबाद रहे। आज यहां इससे पहले अभिषेक शर्मा (78), हेनरिक क्लासेन (39) और ट्रेविस (38) रनों की पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 220 रनों का लक्ष्य दिया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर अपनी टीम अच्छी शुरुआत दिलाई। नौवें ओवर में शशांक सिंह ने पहले ट्रेविस हेड और उसके बाद इसी ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को आउट कर पंजाब लकग्स को दोहरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 23 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रन बनाये।

अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्कों की बारिश करते हुए 74 रनों की तूफानी पारी खेली। कप्तान इशान किशन ने 17 गेंदों में 27 रन बनाये। उन्हें 14वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अनिकेत शर्मा नौ गेंद में (18) और सलील अरोघ (नौ) रन बनाकर आउट हुए। क्लासेन ने 33 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (39) रनों की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 219 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया लेकिन फिर इसका बचाव नहीं कर पाए। पंजाब लकग्स के लिए शशांक सिंह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# विस्फोटक बल्लेबाजी कर सूर्यवंशी ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**गुवाहाटी, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोट बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। शुक्रवार रात खेले गए इस मुकाबले में जितने शानदार सूर्यवंशी रहे हैं, उनके सहयोगी यशस्वी जायसवाल भी उतने ही बेहतरीन हैं।



इस मैच में उन्होंने 8 गेंदों में 13 रन बनाए। और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। लेकिन दोनों के बीच मात्र 17 रन का अंतर हैं और उनके कुल 183 रन हैं। इसके अलावा शीर्ष तीन में आरआर का पूरा कब्जा बनाते हुए ध्रुव जुरेल तीसरे स्थान पर हैं,

जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 75 रन के बाद आरसीबी के खिलाफ भी 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की शानदार पारी खेली। इस मामले में दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिजवी 160 रन के साथ और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी 155 रन के साथ शीर्ष पांच में हैं। पर्पल कैप तालिका में भी आरआर शीर्ष पर है, जहां रवि बिश्नोई ने दो विकेट और जोड़कर कुल नौ विकेट कर लिए हैं। पी कृष्णा के पीछे पांच विकेट के साथ नौ गें. दबाजो का एक समूह है। इसमें पंजाब किंगस के विजयकुमार वैशाख, कृष्णा के टीम साथी राशिद खान, दिल्ली कैपिटल्स के लुंगी एनगिडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव, आरसीबी के जैकब डफी, केकेआर के वैभव अरोड़ा, चेन्नई सुपर किंगस के अंशुल कंबोज और आरआर के दो अन्य गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर शामिल हैं।

## खेल विशेष

### विटिडसर्न को हराकर आयुष बैडमिंटन एशिया के फाइनल में

**निगबो (चीन), वार्ता।** भारतीय स्टार बैडमिटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर बैडमिटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली हैं। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में, 20 वर्षीय भारतीय ने पहला गेम हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आयुष ने 59 साल बाद भारत के लिए इतिहास रचा और कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। आयुष शेट्टी अब खिताबी मुक. ाबले में चाऊ तिएन चेन और शी यूकी के बीन होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

### खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजीटीबी खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) के पांचवें दिन जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता एसजीटीबी खालसा कॉलेज में आयोजित की जा रही है। गार्गी कॉलेज और स्टनर्स अकादमी ने भी अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में किरोड़ी मल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 92-49 से हराया। किरोड़ी मल कॉलेज के हार्दिक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुक. ाबले में एसजीटीबी खालसा एलुमनी ने रामजस कॉलेज को 81-60 से पराजित किया। खालसा एलुमनी के मुकेश को शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।महिला वर्ग में गार्गी कॉलेज ने मैत्रेई कॉलेज को 59-29 से हराया। गार्गी कॉलेज की कनिका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में स्टनर्स अकादमी ने रामजस कॉलेज को 70-29 से हराया।

### मैकलरॉय को छह शॉट की बढ़त, भाटिया मास्टर्स से बाहर

**अगस्ता, वार्ता।** 2026 अगस्ता मास्टर्स ने हाफवे स्टेज पर एक अहम मोड़ लिया, जब रोरी मैकलरॉय ने देर से शानदार चार्ज करते हुए रिकॉर्ड तोड़ छह शॉट की लीड हासिल की, जबकि अक्षय भाटिया हाफवे कट से चूक गए। मैकलरॉय ने शुक्रवार को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा परफॉर्मेंस दिया, उन्होंने शानदार 7-अंडर 65 का स्कोर बनाया, जिससे बाकी खिलाड़ी उनसे पीछे रह गए। राउंड के ज्यादातर समय तक खचाखच भरे लीडर बोर्ड पर बने रहने वाले नॉर्दर्न आयरिशमैन ने अपने आखिरी सात होल्स में छह बर्डी के साथ बढ़त हासिल की। उनके 36-होल के कुल 12-अंडर 132 ने मास्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ी हाफवे लीड का नया बेंचमार्क सेट किया। इस राउंड में मैक्लेरॉय का अनुभव और दबाव में उनका धैर्य दिखा।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलादेश की 15 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने न्यूजीलैंड खिलाफि 17 अप्रैल से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए हबीबुल बशर की अगुवाई में 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की है। यह वही टीम है जिसने पिछले महीने अपने घर पर पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। ए मैच 17 और 20 अप्रैल को ढाका में होंगे।

तीसरा वनडे 23 अप्रैल को चट्टोग्राम में खेला जाएगा। जैसा कि पहले बताया गया था, मेहदी हसन मिराज टीम की कप्तानी करेंगे। टीम के चयन को लेकर हबीबुल बशर ने कहा कि चयन समिति निरंतरता बनाए रखना चाहती है, और कोई भी फैसला लेने से पहले वे खास तौर पर सैफ को थोड़ा और मौका देना चाहते हैं। बशर ने कहा कि बंगलादेश ने पिछली सीरीज में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला था। टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी थे जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिला। हमने एक नीति बनाई है कि हम किसी भी खिलाड़ी को टीम में खेलने के लिए पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। हम किसी भी खिलाड़ी को बिना पूरे मौके दिए टीम से बाहर नहीं करना चाहते। हम निरंत. रता में विश्वास रखते हैं, और इसी वजह से हमने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। चयनकर्ताओं ने नाहिद राणा, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम के उसी तेज गेंदबाजी आक्रमण को भी बरकरार रखा है।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी LSG

**लखनऊ, वार्ता।** आखिरी ओवर के तनाव से लेकर उभरते सितारों तक, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) रविवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 19वें मैच में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ एक बड़े दांव वाले दिन के मैच में, पिछले मैच के रोमांचक अंत की लहर पर सवार होकर उतरेगी। सभी की नजरें युवा मुकुल चौधरी पर टिकी हैं



, जिन्होंने दबाव में 27 गेंदों पर निडर होकर नाबाद 54 रन बनाकर पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट से शानदार जीत दिलाई थी। आखिरी दो ओवरों में जब 30 रनों की जरूरत थी, तब इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने जबरदस्त संयम और साफ-सुथरी हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए इस सीजन के सबसे रोमांचक फिनिश में से एक को अंजाम दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन को इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आयुष बडोनी के 34 गेंदों पर बनाए गए स्थिर 54 रनों ने और मजबूत किया, जिसने लखनऊ को तब भी मैच में बनाए रखा जब जीत हाथ से फिसलती हुई लग रही थी। इस जीत ने ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम में एक नया आत्मविश्वास भर दिया है, जो अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में है। लखनऊ को गुजरात पर अपनी हालिया बढ़त से भी आत्मविश्वास मिलेगा, क्योंकि उसने दोनों टीमों के बीच हुए पिछले तीन मुकाबले जीते हैं। उनकी पिछली भिड़ंत में एक जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें एक तूफानी शतक भी शामिल था जिसने उन्हें आसानी से जीत दिलाई थी,

जबकि निकोलस पूरन ने गुजरात के खिलाफ लगातार अहम पारियां खेलकर टीम में योगदान दिया है। हालांकि, गुजरात भी अपनी एक अलग कहानी के साथ मैदान में उतर रही है - एक ऐसी कहानी जिसमें वापसी और नई लय शामिल है। शुभमन गिल की अगुवाई में, जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक ठोस जीत के साथ सीजन की मुश्किल शुरुआत को पीछे छोड़ दिया है, इसका श्रेय काफी हद तक उनके टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों को जाता है जिन्होंने आखिरकार एक साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है। गिल के शानदार 70 रनों ने मैच की लय तय की, जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन को जारी रखा। टॉप-ऑर्डर में जोस बटलर के शामिल होने से टीम की बल्लेबाजी में और भी धार आ गई है, जो उनके तेज अर्धशतक से साफ जाहिर होता हैद्ध वहीं वाशिगटन सुंदर के पहले आईपीएल अर्धशतक ने टीम के मध्यक्रम को और भी मजबूत बनाया है। ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान जैसे पावर-हिटर बल्लेबाजों के साथ-साथ राहुल तेवतिया की मैच खत्म करने की काबिलियत को देखते हुए, गुजरात की बल्लेबाजी यूनिट सही समय पर अपना संतुलन हासिल करती हुई नजर आ रही है।

# मुंबई अपनी खोई हुई साख की तलाश में

## पक्के इरादे के साथ उतरेगी आरसीबी

**मुंबई, वार्ता।** एक ऐसे दिग्गज के बारे में कुछ उदास करने वाली बात है जिसने अपना दबदबा खो दिया हो। मुंबई इंडियंस, जो कभी वानखेड़े की बेताज बादशाह थी, अब किराएदारों की तरह अपने घर लौट रही है, इस उम्मीद में कि किराया बकाया न हो। पिच के दूसरी तरफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खड़ी है, जिसमें एक ऐसी टीम का सहज आत्मविश्वास है जिसे लगता है कि दुनिया कुछ समय के लिए उसकी मुठी में है।



मुंबई की मुश्किल सीधी-सादी है और इसलिए, बेरहम भी। तीन मैचों में सिर्फ एक जीत। लगातार दो हार। पॉइंट्स टेबल पर आठवें स्थान पर। आंकड़े झूठ नहीं बोलते, हालांकि वे शायद ही कभी पूरी कहानी बताते हैं। रोहित शर्मा ने 118 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट घबराहट के बजाय जल्दबाजी दिखाता है, उन्होंने अपना काम बखूबी किया है - वे एक ऐसे सेनापति की तरह हैं जो अभी भी सीना ताने खड़ा है, जबकि उसके पीछे सैनिक हिचकिचाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रयान रिकेल्टन ने भी तेजी से कुछ योगदान दिया है, लेकिन क्रिकेट, जदिगी की तरह ही, टुकड़ों में किए गए प्रयासों का इनाम नहीं देता, वह पूरे और ठोस प्रदर्शन की मांग करता है। मिडिल ऑर्डर - वह भरोसे के लायक न रहने वाला रिश्तेदार जो वादे तो बड़े-बड़े करता है, लेकिन निभाता बहुत कम है - उसने भी निराश ही किया है। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या - इन सभी ने दरवाजे पर दस्तक तो दी है, लेकिन कमरे के अंदर पूरी तरह से दाखिल नहीं हो पाए हैं। सूर्यकुमार, जिनका इस मैदान पर औसत 43 का है, अपनी पुरानी यादों को अपना साथी बनाकर चल रहे हैं, लेकिन यादें रन नहीं बनातीं - रन तो बल्लेबाज ही बनाते हैं। पिछले मैच में, नमन धीर और शेरफेन रदरफोर्ड ने इतनी छोटी और शानदार पारियां खेलीं कि वे किसी कविता जैसी लगीं - सुनने में तो बहुत अच्छी, लेकिन जीत के लिए नाकाफी। गेंदबाजों की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। शार्दुल ठाकुर ने विकेट तो लिए हैं, हां, लेकिन उनकी कीमत इतनी ज्यादा रही है कि कोई भी हिंसाब-किताब रखने वाला द्धअकाउंटेंटत्र भी उसे देखकर अपना सिर पकड़ ले। जसप्रीत बुमराह ने बहुत ही किफायती गें. दबाजी की है - उनका संयम किसी साधु जैसा रहा है - फिर भी अजीब बात है कि उन्हें विकेटों का कोई इनाम नहीं मिला।

अल्लाह गृजनफर ने तो उम्मीद जगाई, वहीं ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन कभी तो बहुत खतरनाक रहा, तो कभी बहुत ही उदार (यानी रन लुटाने वाला) इसके ठीक उलट, बेंगलुरु की टीम किसी सधे हुए ऑर्केस्ट्रा की तरह मैदान में उतरती है। विराट कोहली ने अब तक 129 रन बनाए हैं और वानखेड़े के प्रति उनका लगाव तो किसी प्रेम-कहानी जैसा ही है, वे उसी आत्मविश्वास के साथ रन बटोरते जा रहे हैं, जैसा कि किसी ऐसे इंसान में होता है जिसने जदिगी के हर रंग देखे हों और कुछ भी भूला न हो। देवदत्त पडिक्कल एक युवा राजकुमार के अंदाज में दिखे हैं - बेफक्रि, शानदार और बिना किसी शक के बोझ के - उनके 125 रन इतनी तेजी से बने कि गेंदबाज हांफते रह गए। कप्तान रजत पाटीदार, पारी के रचयिता और निर्माता दोनों रहे हैं, उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी को गढ़ा है। उनके हाल के 63 रन इस बात की याद दिलाते हैं कि क्रिकेट में कप्तानी का सबसे अच्छा प्रदर्शन बल्ले से ही होता है। फिलिप सॉल्ट एक भरोसेमंद साथी रहे हैं, जबकि टिम डेविड ने गेंदबाजों के साथ वैसा ही बर्ताव किया है जैसा लोग अक्सर टेलीमार्केटर्स के साथ करते हैं - इस सीजन में नौ छक्के लगाए हैं।

# नेमार अभी भी ब्राजील वर्ल्ड कप टीम के फ्रेम में

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेशनल टीम के असिस्टेंट कोच डेविड एंसेलोटी के मुताबिक, नेमार अपनी फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं के बावजूद 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। नेमार, ब्राजील के लिए 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं,

दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद इस साल सैंटोस के लिए सिर्फ छह मैच खेले हैं। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फटने के बाद से वह ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं, इस चोट की वजह से वह एक साल से ज्यादा समय तक बाहर रहे। लेकिन ब्राजील के हेड कोच कार्लो के बेटे डेविड ने कहा कि 34 साल के नेमार के पास 11 जून को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले पूरी तरह से फिट होने का समय है। डेविड ने कहा, ष्बेशक, वह नेशनल टीम का टॉप स्कोरर है और उसके पास मौका है। उसके पास अपना बेस्ट करने और लिस्ट में आने की कोशिश करने का समय है। डेविड ने कहा कि ब्राजील की वर्ल्ड कप टीम की घोषणा शायद 18 मई को की जाएगी, जो फीफा की ऑफिशियल डेडलाइन से लगभग दो हफ्ते पहले है। इससे नेमार को ब्राजील के कोचिंग स्टाफ को यह समझाने के लिए 11 क्लब गेम मिलेंगे कि वह यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयार है। डेविड ने कहा, ष्आखिर में, यह मैनेजर का फैसला है और उसके पास इसे लेने का समय है। ब्राजील अपना वर्ल्ड कप कैंपेन 13 जून को मोरक्को के खिलाफ शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को ग्रुप सी में स्कॉटलैंड का सामना करेगा।

# अल्काराज व सिनर सेमीफाइनल में

**मोंटे-कार्लो, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी कार्लोस अल्काराज और नंबर दो खिलाघी जानिक सिनर मोंटे-कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज ने शुक्रवार को अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।



स्पेनिश खिलाड़ी को मार्च में मियामी में सेबेस्टियन कोर्डा के हाथों तीसरे दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस हफ्ते मोनाको में क्ले कोर्ट पर वापसी करते हुए वह काफी सहज दिखे। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज और टॉमस मार्टिन एचेवेरी को हराने के बाद, अल्काराज ने आठवीं वरीयता प्राप्त बुब्लिक के खिलाफ अपनी परीक्षा पास कर ली, बुब्लिक पहली बार इस स्पेनिश खिलाड़ी का सामना कर रहे थे। फुटबॉल जगत के दिग्गज पाओलो डि कैनियो की मौजूदगी में खेले गए एक रोमांचक शुरुआती सेट में, अल्काराज ने बुब्लिक की विविधताओं और गेंद पर उनकी पकड़ का बखूबी सामना किया, और कई बार 'चूहे-बिल्ली' जैसे रोमांचक खेल में 28 वर्षीय बुब्लिक को अपनी चालों से मात दी। नंबर 1 खिलाड़ी ने इसके बाद कोर्ट रेनियर प्प्प पर दूसरे सेट में जबरदस्त खेल दिखाते हुए अपनी 300वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल की। अल्काराज अब मोंटे-कार्लो में अपने खिताब को सफलतापूर्वक बचाने से बस दो जीत दूर हैं, पिछले साल चैंपियनशिप मैच में लोरेंजो मुसेटी को हराकर उन्होंने पहली बार क्ले-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की थी। 22 वर्षीय अल्काराज का अगला मुक. ाबला शनिवार को सेमी-फाइनल में मोनेगास्क स्टार वैलेंटीन वैचेरोट से होगा। वैचेरोट ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स में अपना ऐतिहासिक सफर जारी रखा, कोर्ट रेनियर प्प्प पर शोर मचाती भीड़ के समर्थन से, वैचेरोट ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया और अपनी चौथी शीर्ष 10 जीत हासिल की। इस बीच नंबर दो जानिक सिनर ने फेलिक्स ऑगर-एलियासिम को आसानी से हराकर अपने 2026 सीजन में एक और एटीपी मास्टर्स 1000 का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। एटीपी रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ऑगर-एलियासिम को 6-3, 6-4 से हराकर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अंतिम चार में मुकाबले की तैयारी कर ली है। इस इटैलियन खिलाड़ी ने मोनाको में चौथे दौर में टॉमस माचाक के खिलाफ एक सेट हारने से पहले, मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में लगातार सेट जीतने का अपना रिकॉर्ड 37 तक पहुंचा दिया थाद्ध अब उन्होंने इस स्तर पर लगातार 20 मैच जीत लिए हैं।

# भारत के आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर 1 को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**चीन, वार्ता।** बीस साल के आयुष शेट्टी ने बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप में अपनी जबरदस्त जीत का सिलसिला जारी रखा। इस नई पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी ने शनिवार को इस इवेंट में थाईलैंड के डिफेंडिग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 1 कुनलावुत विटिडसार्न को 10-21, 21-19, 21-17 से हराकर मेन्स सिगल्स फाइनल में जगह बनाई। शेट्टी 1965 के बाद फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मेन्स सिगल्स खिलाड़ी बने।



हालांकि पहला गेम 2023 वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के पक्ष में नहीं था, लेकिन शेट्टी ने अपनी शुरुआती हार से उबरते हुए अगले दो गेम आराम से जीते और ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट विटिडसार्न को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में आयुष ने 12-4 की बढ़त ले ली और हालांकि विटिडसार्न ने 13-11 से अंतर कम कर लिया, लेकिन भारतीय हमेशा आराम से दिखे।

तीसरे गेम में भी उसी कॉन्फिडेंस के साथ उतरते हुए आयुष ने 1 घंटे 15 मिनट में एशियन चैंपियनशिप में अपनी पहली फाइनल जगह पक्की कर ली। अब उनका सामना चाउ टिएन चेन (विश्व रैंकिंग 6) और शि यू की (विश्व रैंकिंग 2) के बीच होने वाले मैच के विनर से होगा। अगर आयुष फाइनल मैच में स्वर्ण पदक जीतने में सफल होते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत का पहला स्वर्ण पदक होगा। 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता था।

# एसपी ग्रामीण ने थाना भगतपुर का अर्द्धवार्षिक किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में पुलिस व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह द्वारा थाना भगतपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रख-रखाव और पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली का गहनता से अवलोकन किया गया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों की जांच करते हुए रजिस्टर संख्या-08 सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी रिकॉर्ड समय-समय पर अपडेट होने चाहिए, ताकि आवश्यक जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके।निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केंद्र एवं महिला हेल्प डेस्क



का भी जायजा लिया गया। उन्होंने महिला संबंधित शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और उनका त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हवालात, सम्पत्ति गृह, भोजनालय और बैरकों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का भी आकलन किया।पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल कार्य क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति सकारात्मक संदेश भी देता है।सीसीटीएनएस कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑनलाइन कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया। अंत में उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अनुशासन, तत्परता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## एनडीए में चयनित होकर तनिष्क प्रजापति ने बढ़ाया शहर का मान

**चन्दौसी।** शहर के प्रतिभाशाली छात्र तनिष्क प्रजापति ने एनडीए परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने वर्ष 2025 की एनडीए-2 लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू में भी सफलता प्राप्त की। तनिष्क ने सितंबर 2025 में आयोजित लिखित परीक्षा पास की थी। इसके बाद 15 जनवरी 2026 को इलाहाबाद में हुए एसएसबी इंटरव्यू में चयनित होकर अपनी योग्यता का परिचय दिया। हाल ही में 8 अप्रैल 2026 को घोषित अंतिम मेरिट सूची में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 313वीं रैंक प्राप्त की। इस उपलब्धि से परिवार व क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## परिवार परामर्श केंद्र में 10 परिवारों का हुआ सुलह, 34 मामलों का निस्तारण

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों को काउंसलर्स की सहायता से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस दौरान कुल 80 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 34 का निस्तारण किया गया। वहीं 10 परिवारों को आपसी सहमति से पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कराया गया।



19 मामलों में आवेदकों द्वारा रुचि न लेने पर पत्रावलियां बंद कर दी गईं, जबकि 5 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। बैठक में काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी, कांस्टेबल शहजाद मलिक व महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कांठ की धरती पर आकर खुद को कर रहा हूं गौरवान्वित महसूस

### मंदिर में दादाजी का शिलापट देखकर हुई खुशी: भव्य विश्नोई

**कांठ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी से हरियाणा के युवा प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने आज भूड़ मंदिर पर आकर स्वामी चंद्र प्रकाश जी की तपोस्थली के दर्शन किए और खुद को गोरवान्वित महसूस किया। पत्रकारों के पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस पावन धरा पर आकर मैं खुद को धन्य मानता हूं और अपने दादा स्वर्गीय चौधरी भजनलाल जी द्वारा शिलान्यास किए गए मंदिर पर लगे शिलापट को देखकर और भी खुशी महसूस हो रही है। भव्य बिश्नोई आज सुबह लोदीपुर धाम पर होते हुए ठाकुरद्वारा क्षेत्र के सड़कडा बिश्नोई गांव में चल रही हरि कथा का शुभारंभ कराने के लिए आए थे। उसके बाद उनका ठाकुरद्वारा क्षेत्र में ही कई जगह पर स्वागत किया गया शाम करीब 4:30 बजे



वह कांठ में भूड़ मंदिर पहुंचे जहां पर बिश्नोई समाज के लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। उन्होंने पहले स्वामी चंद्र प्रकाश महाराज की तपोस्थली पर बने मंदिर में गुरु महाराज के सामने शीश नवाया और उसके बाद उन्होंने 2 मिनट पत्रकारों से बात की पत्रकारों के सवाल पर उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल पुराने राजनीतिक थे और उन्ही का खून उनके अंदर दौड़ रहा है और जिस तरह से उनके दादा उनके पिता उनकी माता उनकी दादी ने राजनी. ति में रहते हुए देश की सेवा की है वह भी उसी का अनुसरण कर रहे हैं।

इस मौके पर एडवोकेट प्रदीप कुमार बिश्नोई श्री ओम बिश्नोई कुंबर सुरेंद्र सिंह मास्टर सीपी सिंह डॉक्टर ओमराज सिंह धर्मवीर सिंह राजकुमार सिंह सेवक ओंक. ार सिंह भगत जी मास्टर धर्मपाल सिंह एडवोकेट दीपक बिश्नोई ओंकार सिंह राजीव कुमार बिश्नोई अशोक कुमार नेताजी भानु बिश्नोई भानु प्रताप सिंह गौरव बिश्नोई मोनू बिश्नोई विनोद नंबरदार सचिन कुमार विश्नोई जितेंद्र कुमार विश्नोई एडवोकेट दीप सिंह सहित काफी संख्या में बिश्नोई समाज के लोग मौजूद रहे।

## अक्रूर महाराज जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मोहा मन

**चन्दौसी।** नगर में श्रीअक्रूर महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीवार्ष्णेय यूथ संगठन के तत्वावधान में शनिवार को एक भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निक. ाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और पूरा नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। यात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण और अक्रूरजी महाराज के जीवन पर आधारित मनमोहक झांकियां प्रदर्शित की गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि इस वर्ष की शोभायात्रा में एक कुंतल 20 किलो की पीतल की प्रतिमा विशेष रूप से शामिल की गई, नगर के विभिन्न मार्गों पर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े



इंतजाम किए गए थे। शोभायात्रा से पूर्व हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने आहुति दी। यात्रा का समापन आरती और विशेष महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ। शोभायात्रा में मुख्य रूप से लता वार्ष्णेय, प्रतिभा चौधरी, विनेश वार्ष्णेय, मौसम गुप्ता, अमित के.एस. , ओमी लाला, अखिलेश खिलाड़ी, रवि, अमित चौधरी, देवेंद्र मोनू, प्रभात कृष्णा, राहुल चौधरी, लकी वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, चिंकल, पवन भट्टा, विमल वार्ष्णेय, सोनू, मंतेश वार्ष्णेय, रितिक, बृजेश, कपिल, सिशांक वार्ष्णेय, बृजेश, पवन वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता, चिराग वार्ष्णेय, निक्कू, किट्टू, रो. मिल, दिव्या शर्मा, मोनू लाला, राकेश आर्या, राजू मुंशी, रजनीश, मुकेश, लकी, अनीश, दीपांशु नारायण, प्रमोद, अंशुल टनाटन, कार्तिक वर्ण आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 को लेकर बैठक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पर जोर

**चन्दौसी।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 को लेकर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका की खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने की, जिसमें डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में लगी टेरियर यूटिलिटी फर्म के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान ध्यान रखने योग्य प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रियंका सिंह ने निर्देश दिए कि घरों से निकलने वाले कचरे का नियमित संग्रहण, पृथक्करण और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सफाई मित्रों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्रीय नागरिकों से फीडबैक भी प्राप्त करें और उन्हें गीले व सूखे कचरे के अलग-अलग निस्तारण के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा



कि प्रत्येक घर में दो डस्टबिन होना अनिवार्य है, ताकि कचरे का प्रारंभिक स्तर पर ही पृथक्करण हो सके और सड़कों पर कचरा न फैले। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर 'मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी' स्लोगन को जन-जन तक पहुंचाने पर भी जोर दिया गया, ताकि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके और चन्दौसी को सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग दिलाई जा सके। बैठक में परियोजना अधिकारी रवि प्रताप, मुकेश, कपिल सैनी, सोनू सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को दी गई पर्सनल सेफ्टी की जानकारी

**चन्दौसी।** महिलाओ एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु 'मिशन शक्ति' के द्वितीय चरण के अन्तर्गत शनिवार को जिला प्रोब. ेशन अधिकारी सम्भल के



निर्देशानुसार पर्सनल सेफ्टी अवेरयनेस कार्यक्रम का आयोजन पंकज स्मारक कन्या इण्टर कॉलेज पाठकपुर सम्भल में छात्र-छात्राओं के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं को सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और पर्सनल सेफ्टी के बारे में बताया गया। साथ ही सरकार द्वारा छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे-सखी वन स्टॉप सेंटर योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बाल विवाह, एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे 1098, 181, 112, 102, 1081 1076, आदि हेल्पलाइन नंबर जिनका प्रयोग आपातकालीन स्थिति में किया जा सकता है, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। कार्यक्रम में बबीता रानी, पूजा सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन से प्रज्ञा शर्मा एवं पंकज स्मारक कन्या इण्टर कालेज पाठकपुर के प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

## फिल्म 'कल्कि संभल' की तैयारी तेज!

### 14 अप्रैल से शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

**चन्दौसी।** संभल दंगों की पृष्ठभूमि पर बन रही फिल्म 'कल्कि संभल' को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को फिल्म के डायरेक्टर भारत एस. श्रीनेत अपनी टीम के साथ एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी पहुंचे जहां फिल्म के कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग प्रस्तावित है। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दानवीर सिंह यादव से मुलाकात कर शूटिंग को लेकर चर्चा की और पूरे परिसर का भ्रमण किया। डायरेक्टर के अनुसार, फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ 14 अप्रैल 2026 से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी संभल में समय-समय पर हुए सांप्रदायिक दंगों और उनसे जुड़े सामाजिक प्रभावों पर आधारित है। फिल्म में विशेष रूप से 1978 और 24 नवंबर 2024 को हुए दंगों की घटनाओं को दर्शाया जाएगा, जिनका स्थानीय समाज पर गहरा असर पड़ा था। फिल्म के निर्माता अमित जानी हैं, जो इससे पहले 'उदयपुर फाइल्स' जैसी चर्चित



फिल्म बना चुके हैं। 'कल्कि संभल' में दो मुख्य किरदारों-'अब्बाजान' और 'भाईजान' को प्रमुख रूप से दिखाया गया है। 'अब्बाजान' पर वर्ष 1978 में राजनीतिक लाभ के लिए दंगे भड़काने के आरोप को दर्शाया जाएगा, जबकि 'भाईजान' का किरदार 2024 की घटनाओं से जुड़ा बताया गया है। जानकारी के अनुसार, 'अब्बाजान' की भूमिका अभिनेता महेश मांजरेकर निभाएंगे और 'भाईजान' का किरदार विजय राज द्वारा अभिनीत किया जाएगा। इसके अलावा, संभल के पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई के किरदार को भी फिल्म में दिखाया जाएगा, हालांकि इस भूमिका को निभाने वाले अभिनेता का नाम अभी गोपनीय रखा गया है। माना जा रहा है कि आगामी पोस्टर में इसका खुलासा किया जा सकता है। गौरतलब है कि इस फिल्म की घोषणा 21 सितंबर 2025 को संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव शहजादी सराय स्थित नैमिषारण्य तीर्थ क्षेमनाथ मंदिर में की गई थी। उस समय इस परियोजना को 'संभल फाइल्स' नाम से लाने की बात कही गई थी, लेकिन बाद में नाम परिवर्तित कर 'कल्कि संभल' कर दिया गया। फिल्म का पहला पोस्टर 02 फरवरी 2026 को जारी किया जा चुका है। फिल्म को लेकर स्थानीय स्तर पर भी उत्सुकता देखी जा रही है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो यह फिल्म न केवल संभल की घटनाओं को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करेगी, बल्कि सामा. जिक और ऐतिहासिक विमर्श को भी नई दिशा दे सकती है।

## बिलारी समाचार

### थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनकर दिए समाधान के निर्देश



**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज सर्किल के थाना छजलैट और कांठ में किया गया जिसमें आई शिकायतों को सुनकर अधिकारियों ने निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम दोनों थानों में पहुंचे और समाधान दिवस का निरीक्षण किया। जबकि नायब तहसीलदार योगेश चन्द्र कांठ में और नायब तहसीलदार अनिल मिश्रा ने छजलैट में शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण समय से कराए जाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक हल्का के उप निरीक्षक पुलिस स्टाफ एवं लेखपाल और कानून गो मौजूद रहे।

### एसएसपी के आदेश से सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )।** सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद एसएसपी के आदेश से थाना कांठ में मामला दर्ज किया गया है गोपाल पुत्र कन्हैया निवासी जमुना आजम थाना कांठ का कहना था कि उसका पोता अनमोल पुत्र नरेश बाइक से कुमखिया जा रहा था।

नूरपुर मुरादाबाद रोड पर पहुंचा तो लकडेट में पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे स्कूटी के चालक ने तेजी से लाते हुए उसके पोते को टक्कर मार दी जिससे पोते को गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने 27 मार्च को थाना नौगांव सादात में एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया परंतु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की पीड़ित एसएसपी के पास पहुंचा उनके आदेश से थाना कांठ में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### भोजपुर में युवा को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**भोजपुर।** सांसद रुचि वीरा द्वारा नगर के एक युवा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर के सैफ मियाँ पोत्र लल्ला मियाँ को दिशा कमेटी का सदस्य नामित किया गया है। जिससे स्थानीय युवाओं में उत्साह और गर्व का माहौल है। इस नामांकन को क्षेत्र में युवाओं के



सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। सैफ मियाँ लंबे समय से सामाजिक गति. विधियों में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपनी भागीदारी निभाते रहे हैं। उनके चयन से न केवल भोजपुर, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। जैसे ही उनके नामांकन की सूचना नगरवासियों तक पहुंची, लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों, युवाओं और शुभचिंतकों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए सांसद का आभार व्यक्त किया। राजनीतिक और सामाजिक हलकों में भी इस फैसले को सराहा जा रहा है। लोगों का मानना है कि युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में नई ऊर्जा और पारदर्शिता आएगी। दिशा कमेटी में सदस्य के रूप में सैफ मियाँ अब विभिन्न विकास योजनाओं की निगरानी और सुझाव देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

### थाना समाधान दिवस का आयोजन

**भोजपुर।** शनिवार को भोजपुर थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। दिवस में पुलिस विभाग व राजस्व



विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकतर शिकायतें भूलेख व राजस्व विभाग से संबंधित थी जिनको दिवस पदाधिकारियों ने संबंधित विभाग को निस्तारण हेतु सौंप दिया। दिवस में भोजपुर थाना क्षेत्र के लेखपाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पॉलिटेक्निक प्रवेश के लिए आवेदन की 30 अप्रैल अंतिम तिथि

**चन्दौसी। जिले** में पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवे. दन प्रक्रिया जारी है और अब तक करीब एक हजार अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। विभाग की ओर से आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है, इसलिए छात्रों से समय रहते आवेदन पूर्ण करने की अपील की जा रही है। प्रवेश परीक्षा मई माह में आयोजित की जाएगी। संभावित कार्यक्रम के अनुसार 15 से 18 मई के बीच परीक्षा कराई जाएगी, जिसके आधार पर मेरिट तैयार कर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजकीय पॉलिटेक्निक चन्दौसी में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है, जहां छात्र-छात्राएं आवेदन से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। फिर भी किसी प्रकार की दिक्कत होने पर छात्र हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। वहीं प्रधानाचार्य एस.के. वर्मा ने अभ्यर्थियों से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### दुर्घटना बाइक सवार की मौत के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** दुर्घटना में बाइक सवार की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बिलारी के मोहल्ला हर्ष नगर के सेवानिवृत्ति दरोगा कुलदीप सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि 4 अप्रैल को उसके पिता भारत सिंह अपने गांव नगला नस्सू से फतेहपुर नत्था होकर शाम 6:45 बजे बिलारी अपनी बाइक से आ रहे थे। चंदौसी रोड स्थित अपना किला के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता घायल हो गए। उन्हें टीएमयू ले जाया गया। इसके बाद दिल्ली ले जाया गया। 9 अप्रैल को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में तहरीर देने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।



# ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन

## अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में बड़ा दावा, सीजफायर के प्रयासों के बीच बढ़ी कूटनीतिक चिंता

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों ने एक चौंकाने वाले खुलासे की ओर इशारा किया है, जिसके अनुसार चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नई वायु रक्षा प्रणालियां (एयर डिफेंस सिस्टम) भेजने की तैयारी कर रहा है। तीन खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुआ अस्थायी सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। सीएनएन की रिपोर्ट में दावा है कि चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं, जो कम ऊंचाई पर उड़ने वाले विमानों के लिए बड़ा खतरा माने जाते हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी अगले महीने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन की यात्रा करने वाले हैं। यह संभावित हथियार आपूर्ति इसलिए भी संवेदनशील मानी जा रही है क्योंकि चीन ने



हाल ही में इस संघर्षविराम को कराने में भूमिका निभाने का दावा किया था। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि चीन इन हथियारों की आपूर्ति को तीसरे देशों के जरिए भेज सकता है, ताकि उनके वास्तविक स्रोत को छिपाया जा सके। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने इस रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा चीन ने कभी भी संघर्ष के किसी भी पक्ष को हथियार प्रदान नहीं किया है, प्रश्न में दी गई जानकारी असत्य है। उन्होंने आगे कहा एक जिम्मेदार प्रमुख देश के रूप में, चीन लगातार अपने अंतर्राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करता है। हम अमेरिकी पक्ष से निराधार आरोप लगाने, दुर्भावनापूर्ण संबंध जोड़ने और सनसनी फैलाने से बचने का आग्रह करते हैं। हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष तनाव कम करने में मदद करने के लिए और अधिक करेंगे। इससे पहले, दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से बीी. जंग युद्धविराम कराने और संघर्ष समाप्त करने में मदद करने के लिए काम कर रहा था। गौरतलब है कि ईरान ने लंबे समय से चीन और रूस दोनों के साथ मिलिट्री और इकोनामिक रिश्ते बनाए हैं। ईरान ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को शाहेद ड्रोन देकर बहुत मदद की है और चीन को अपने सैंक्शन किए गए तेल का बड़ा हिस्सा भी बेचता है।

### भारतीयों की नेकी व इंसानियत के हम कायल, शुक्रिया: ईरान

**तेहरान।** भारत में ईरानी दूतावास ने शुक्रवार को एलान किया कि उसने जंग के दौरान वित्तीय मदद के लिए बनाए गए सभी खाते बंद कर दिए। इसके साथ ही भारतीय नागरिकों के समर्थन और मदद के लिए शुक्रिया कहा। दूतावास ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों से मिले भारी समर्थन और उनकी मदद को देखते हुए अब ये खाते निष्क्रिय कर दिए गए हैं। इसके साथ ही लोगों से दूतावास के नाम पर चल रहे किसी भी खातों में पैसा न भेजने की अपील की गई है। इससे पहले 22 मार्च को ईरानी दूतावास ने भारतीयों की नेक इरादों और इंसानियत के लिए उन्हें शुक्रिया कहा था।



पटना। आपूर्ति संकट के बीच खाली एलपीजी सिलेंडरों के साथ लाइन में लगे लोग।

### रणनीतिक रक्षा समझौते के तहत पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी सऊदी अरब पहुंची

**रियाद।** सऊदी अरब के पूर्वी प्रांत स्थित किंग अब्दुल अज़ीज़ वायुसेना बेस पर पाकिस्तानी सैन्य टुकड़ी पहुंच गई है। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार, इस तैनाती में पाकिस्तान वायुसेना के लड़ाकू और सहायक विमान शामिल हैं, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक संयुक्त रक्षा समझौते का हिस्सा है। बताया गया कि इस तैनाती का उद्देश्य सैन्य समन्वय को मजबूत करना और दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं की संचालनात्मक तैयारियों को बढ़ाना है, जिससे क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा व स्थिरता को बल मिलेगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान ने यह रक्षा समझौता पिछले वर्ष सितंबर में रियाद में किया था।

# ईरान के साथ वार्ता विफल रही, तो फिर होगा हमला: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** पूरी दुनिया की सांसें थमी हुई हैं, क्योंकि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी वार्ताकारों का दल इस्लामाबाद में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ की अगुआई वाले 71 सदस्यीय ईरानी प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए तैयार है। वार्ता शुरू होने से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'द न्यूयॉर्क पोस्ट' को बताया कि यदि बातचीत विफल रहती है तो ईरान पर हमले फिर से शुरू करने के लिए अमेरिकी युद्धपोतों को 'सर्वश्रेष्ठ गोला-बारूद' से लैस किया जा रहा है।

ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही। सात अप्रैल को हुए दो सप्ताह के संघर्ष विराम के बाद अंतिम शांति प्रक्रिया पर बातचीत करने के लिए वेंस के साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जारेड कुशनर भी शामिल हैं। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि बातचीत सफल होगी? तो उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए एक फोन इंटरव्यू में कहा कि हमें लगभग 24 घंटों में पता चल जाएगा। हमें जल्द ही जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि



- ट्रंप ने यह बात वेंस के इस्लामाबाद वार्ता के लिए रवाना होने के तुरंत बाद कही
- हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं: ट्रम्प

हम नई शुरुआत कर रहे हैं। हम जहाजों को बेहतरीन गोला-बारूद और अब तक के सबसे शानदार हथियारों से भर रहे हैं। वे उन हथियारों से भी बेहतर हैं, जिनका इस्तेमाल हमने पहले उन्हें तबाह करने के लिए किया था। ट्रंप ने न्यूयॉर्क पोस्ट से कहा कि हम जहाजों को अब तक के सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस कर रहे हैं, जो पहले के विनाशकारी हथियारों से भी कहीं उच्च स्तर के हैं। अगर कोई समझौता नहीं होता है, तो हम उनका इस्तेमाल करेंगे और बहुत प्रभावी ढंग से करेंगे। इसके विपरीत ईरानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने युद्ध-पूर्व की वार्ताओं में अपना रुख कायम रखा है कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अटूट अधिकार है। इस बीच गालिबफ ने याद दिलाया कि समझौते की दो धाराओं को अभी लागू किया जाना बाकी है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से तय किए गए दो उपायों पर अभी अमल होना बाकी है। लेबनान में संघर्ष विराम और बातचीत शुरू होने से पहले ईरान की रुकी हुई संपत्ति को मुक्त करना। बातचीत शुरू होने से पहले इन दोनों मामलों को पूरा किया जाना चाहिए। ट्रंप ने 'द पोस्ट' से कहा कि आपका सामना ऐसे लोगों से है, जिनके बारे में हम नहीं जानते कि वे सच बोलते हैं या नहीं। हमारे सामने तो वे कहते हैं कि वे सभी परमाणु हथियारों को खत्म कर रहे हैं, सब कुछ खत्म हो गया है। और फिर वे प्रेस के पास जाकर कहते हैं, नहीं, हम संवर्धन करना चाहेंगे। इसलिए हमें जल्द ही पता चल जाएगा। ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य को संभालने के तरीके को लेकर भी ईरान की आलोचना की। उन्होंने स्थिति को 'अपमानजनक' बताया और कहा कि ईरानियों के साथ बातचीत करने के लिए हमारी 'ए टीम' पाकिस्तान जा रही है। और यदि आवश्यक हुआ, तो हमारे पास बैकअप प्लान भी तैयार हैं। जैसा ईरान ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह होर्मुज में जहाजों पर 'ट्रांजिट शुल्क' लगायेगा और वह भी अपनी मुद्रा रियाल में। उम्मीद है कि इस वार्ता का मुख्य केंद्र अमेरिका की वे मांगें होंगी, जिनमें ईरान से लगभग 1000 पाउंड गहराई में दबा हुआ संवर्धित यूरेनियम सौंपने और अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह से फिर से खोलने के लिए कहा गया है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने जर्मन समकक्ष जोहान वेडेफुल से कहा कि ईरान अमेरिका से इस बातचीत में 'पूर्ण अविश्वास' के साथ शामिल हो रहा है। अराघची ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान ईरानी लोगों के हितों और अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए पूरी ताकत के साथ लड़ेगा। उन्होंने अमेरिका के बार-बार वादों को तोड़े जाने और 'कूटनीति के साथ विश्वासघात' का हवाला दिया।

### हत्या का वीडियो साझा कर ट्रम्प ने आव्रजन नीति को ठहराया सही

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फ्लोरिडा में हुई एक महिला की हत्या का कथित वीडियो साझा करते हुए अपनी सरकार की निर्वासन नीति को सही ठहराया। यह हमला कथित रूप से हैती मूल के एक प्रवासी द्वारा किया गया। पुलिस के अनुसार, 40 वर्षीय रोलबर्ट जोएकिन को 2 अप्रैल को फ्लोरिडा के फोर्ट मायर्स में एक महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह शहर मियामी से लगभग 160 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी हैती से है और 2022 में अमेरिका आया था। मृतका की पहचान 51 वर्षीय निलुफा इस्मिन के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश मूल की थीं और दो बेटियों की मां थीं। ट्रम्प ने गुरुवार देर रात अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर यह वीडियो साझा किया। ट्रम्प अक्सर दावा करते रहे हैं कि प्रवासी अमेरिका में अपराध बढ़ा रहे हैं, और इस घटना को उन्होंने अपने इसी दावे के समर्थन में पेश किया। हालांकि आलोचकों का कहना है कि ट्रम्प सभी प्रवासियों को अपराधी के रूप में पेश कर अपनी आव्रजन नीति को मजबूत करने की कोशिश करते हैं, जबकि कई अधयनों में पाया गया है कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में हिंसक या अन्य अपराधों में कम शामिल होते हैं। पुलिस के अनुसार, निलुफा ईसमिन गैस स्टेशन के एक सुविधा स्टोर में क्लर्क के रूप में काम कर रही थीं। घटना स्टोर के बाहर हुई और आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया कि आरोपी एक वाहन पर हथौड़े से वार करता दिखता है। इसी दौरान पीड़िता बाहर आकर उससे सवाल करती नजर आती हैं। इसके बाद आरोपी अचानक उनके सिर पर हथौड़े से हमला कर देता है, जिससे वे जमीन पर गिर जाती हैं। इसके बाद आरोपी कई बार हमला करता है और मौके से फरार हो जाता है। पुलिस के अनुसार, बाद में आरोपी को सड़क पर चलते हुए पकड़ा गया और उसने अपराध कबूल कर लिया। उस पर हत्या और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। वह अदालत में पेश हो चुका है और 4 मई को उसकी अगली सुनवाई तय की गई है।

## हॉर्मुज स्ट्रेट को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान युद्ध के दौरान उसके द्वारा बिछाई गई बारूदी सुरंगों को पूरी तरह खोजकर हटाने में असमर्थ है, जिसके कारण हॉर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों के लिए दोबारा खोलना कठिन हो गया है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह बात कही गई।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा बताए गए 'सुरक्षित मार्ग' वास्तव में बहुत ही सीमित हैं, क्योंकि ईरान ने जलडमरूमध्य में लापरवाही से बारूदी सुरंगें अव्यवस्थित तरीके से बिछाई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका और ईरान दोनों के पास समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने की पर्याप्त क्षमता नहीं है। कुछ सुरंगें बहकर स्थान बदल सकती हैं, जबकि यह भी स्पष्ट नहीं है कि ईरान ने प्रत्येक सुरंग का रिकॉर्ड रखा था या नहीं। अमेरिका ने दावा किया है कि बुधवार को जलडमरूमध्य को खोल दिया गया था और उन खबरों का भी खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि



- अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दावा: ईरान बारूदी सुरंगों के कारण आवाजाही बहाल करने में अक्षम

ईरान जहाजों की आवाजाही रोक. कर शुल्क वसूल रहा है। हाल के दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संकेत दिया था कि ईरान वास्तव में जहाजों को रोक रहा है और उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए तेहरान को चेतावनी भी दी थी। ईरान ने कहा है कि वह तब तक समुद्री यातायात को अवरुद्ध रखेगा, जब तक इजराइल लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले बंद नहीं करता। ईरान और पाकिस्तानी मध्यस्थों का कहना है कि यह मुद्दा युद्धविराम का हिस्सा होना चाहिए था।

# इजरायल-लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 को होगी

## इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच फोन पर हो चुकी है पहली बातचीत

**यरूशलेम/बेरूत।** इजरायल और लेबनान के बीच पहली सीधी वार्ता 14 अप्रैल को वाशिंगटन में होगी। यह जानकारी इजरायली मीडिया ने शनिवार को दी। टाइम्स ऑफ इजरायल ने कहा कि इजरायल और लेबनान के बीच अपेक्षित पहली प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार को वाशिंगटन में होगी। वाशिंगटन में लेबनानी राजदूत नाडा हमादेह, वाशिंगटन में इजरायली राजदूत एचिएल लीटर और बेरूत में अमेरिकी राजदूत मिशेल इस्सा के बीच शुक्रवार को फोन पर बातचीत हुई, जो इजरायली और लेबनानी राजदूतों के बीच पहली बातचीत थी। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि इजरायल लेबनान के साथ जल्द से जल्द सीधी बातचीत करेगा। वहीं ईरान द्वारा अमेरिका के साथ इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता से हटने की धमकी देने के बाद इजरायल को लेबनान की राजधानी बेरूत पर अपने सैन्य हमले रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह दावा एक उच्चस्तरीय सुरक्षा सूत्र के हवाले से किया गया है। बताया गया कि बुधवार को लेबनान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान ने इन हमलों को रोकना, अमेरिका के साथ अस्थाई युद्धविराम वार्ता में शामिल होने की सख्त पूर्व शर्त बना दिया था। सूत्रों के अनुसार कि प्रतिरोध मोर्चे की एकता ईरान के लिए गैर-समझौतापरक थी। उन्होंने बताया कि लेबनान पर इजरायली हमलों के जारी रहने के कारण ईरानी प्रतिनिधिमंडल की इस्लामाबाद यात्रा कई बार टाली गई। लगातार दबाव और वार्ता से हटने की विश्वसनीय चेतावनी के चलते ईरान ने अमेरिका को इजरायल पर दबाव बनाने के लिए मजबूर किया, जिसके बाद बेरूत पर हमले रोके गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वार्ता की निरंतरता इस बात पर निर्भर करेगी कि इजरायल बेरूत और उसके दक्षिणी उपनगर दहिएह पर आगे कोई हमला न करे। ईरान ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजरायल ने हमले फिर से शुरू किए, तो वार्ता प्रक्रिया तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। जबकि लेबनान में पिछले तीन दिनों के दौरान इजरायली हमलों में 357 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,223 अन्य घायल हुए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि इन हमलों से व्यापक जनहानि हुई है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को ईरान के खिलाफ दो सप्ताह का विराम घोषित किया था। ईरान द्वारा प्रस्तुत 10 सूत्री प्रस्ताव, जिसे ट्रम्प ने वार्ता के लिए 'कारगर आधार' बताया है, में सभी मोर्चों पर आक्रामक कार्रवाई रोकने की शर्त शामिल है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। इसी क्रम में, ईरान की संसद (मजलिस) के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबफ उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंचे हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन ताजा मौतों के साथ 02 मार्च 2025 से अब तक इजरायल द्वारा युद्धविराम उल्लंघनों के कारण मारे गए लोगों की कुल संख्या 1953 हो गई है। यह युद्धविराम पिछले वर्ष इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच हुआ था। समझौते के तहत इजरायल को अपने हमले रोकने थे लेकिन उल्लंघनों के चलते स्थिति लगातार बिगड़ती गई।



- लेबनान में इजरायली हमलों से तीन दिन में 357 की मौत, 1223 अन्य घायल

### अमेरिका-लेबनान ने इजरायल से लेबनानी क्षेत्र पर हमले रोकने का किया आग्रह

**मास्को।** लेबनान ने अमेरिकी मध्यस्थों के माध्यम से इजरायल से वार्ता से पहले अपने क्षेत्र पर हमले रोकने का अनुरोध किया है। यह जानकारी एक्सियोस ने सूत्रों के हवाले से शनिवार को दी। प्रकाशन ने दो जानकार सूत्रों का हवाले से कहा कि अमेरिका ने लेबनान के अनुरोध का समर्थन किया है और इजरायल से इसे स्वीकार करने की मांग की है लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक इस मामले पर कोई निर्णय नहीं लिया है। गुरुवार को नेतन्याहू के कार्यालय ने घोषणा की कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल को लेबनान के साथ सीधी बातचीत शुरू करने का निर्देश दिया है जिसका उद्देश्य शिया आंदोलन हिजबुल्लाह को हथियार विहीन करना और दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करना है।

### ईरान के नेताओं से मिले पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद में चल रही अमेरिका-ईरान वार्ता के बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडलों से अलग-अलग मुलाकात की है। इस बीच ईरान की ओर से बड़ा बयान सामने आया है, जिसने इस बातचीत की दिशा को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। पूरी दुनिया की नजर इस वार्ता पर टिकी है, क्योंकि इसका असर पश्चिम एशिया की स्थिरता पर पड़ सकता है। ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने कहा है कि अगर अमेरिका अगर अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने हितों को ध्यान में रखकर बातचीत करता है तो समझौता संभव है। लेकिन अगर इजरायल फर्स्ट की सोच हावी रही तो कोई डील नहीं होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि बातचीत विफल होने पर हालात और बिगड़ सकते हैं। आरिफ ने साफ कहा कि अगर बातचीत असफल रही और अमेरिका व इजरायल ने फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू की तो दुनिया को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इससे क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है और शांति की उम्मीद कमजोर पड़ सकती है।

# इंडो-पैसिफिक में सहयोग और सुरक्षा पर जोर

## भारत व अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठक में इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग, प्रशिक्षण और सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा हुई। अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुखअमर प्रीत सिंह की मेजबानी की।

यह आधिकारिक दौरा 8 अप्रैल को हुआ, जिसमें उन्हें जाइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग पर गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पेंटागन में उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया, जहां अमेरिकी वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों और ट्राय मींक से भी मुलाकात हुई। अमेरिकी वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को वाशिंगटन द्वारा दी जाने वाली महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस साझेदारी को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को 'स्वतंत्र,



- अमेरिकी वायुसेना प्रमुख केनेथ विल्सबैक ने भारतीय वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह की मेजबानी की

खुला, शांतिपूर्ण और समृद्ध' बनाए रखने के लिए केंद्रीय बताया। जनरल विल्सबैक ने समान विचारधारा वाले सहयोगियों के साथ बहुपक्षीय अभ्यासों में भारत के नेतृत्व और भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग को बढ़ाना क्षेत्रीय निवारण को मजबूत करने की कुंजी होगी। जनरल विल्सबैक ने कहा एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस महत्वपूर्ण समकक्ष दौरे की मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। पेंटागन में उनके पूरे दिन के दौरान, हमने आधुनिकीकरण के प्रयासों, भविष्य के प्रशिक्षण के अवसरों और एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता पर गहन चर्चा की। बैठक में भारत द्वारा डफ-9बी स्काई गार्जियन विमान की खरीद पर भी चर्चा हुई। अमेरिकी वायु सेना ने इस बात पर जोर दिया कि वे भारतीय सशस्त्र बलों को इस प्लेटफार्म को 'निर्बाध और प्रभावी ढंग से तैनात' करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वाशिंगटन के अलावा, एयर चीफ मार्शल सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का भी दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए एयरोस्पेस और समुद्री चेतावनी सहित नार्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) मिशन के बारे में जानकारी दी गई।

### चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया

**लंदन।** प्रिंस हैरी ने अपनी दिवंगत मां राजकुमारी डायना की याद में अफ्रीका में एक चैरिटी की स्थापना की थी। अब उसी चैरिटी ने प्रिंस हैरी पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है। हैरी ने पिछले साल इस संस्था के संरक्षक पद से इस्तीफा दे दिया था। सेंटेबाले नामक यह संस्था बोत्सवाना और लेसोथो में एचआईवी से पीड़ित युवाओं के लिए काम करती है। सेंटेबाले ने पिछले महीने लंदन के हाई कोर्ट में मुकदमा दायर किया। अब यह जानकारी सामने आई है। आनलाइन दस्तावेजों के अनुसार, हैरी और उनके मित्र मार्क डायर (जो पहले इस चैरिटी के ट्रस्टी रह चुके हैं) पर मानहानि का आरोप लगाया गया है, हालांकि मामले से जुड़े विस्तृत दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

### युद्ध में अमेरिकी सैनिकों ने पी 9.5 लाख गैलन कॉफी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) की एक ब्रीफिंग में ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। जाइंट चीफ्स आफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल डैन कैन ने बताया कि इस सैन्य अभियान के दौरान सैनिकों ने लगभग 9.5 लाख गैलन काफी पी।

जनरल कैन ने कहा कि यह संघर्ष बेहद तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने इसे बेहद कठिन और लगातार दबाव वाला आपरेशन बताया। काफी के अलावा, सैनिकों ने लगभग 20 लाख एनर्जी ड्रिंक भी पी, जिससे लगातार आपरेशन के दौरान उनकी सतर्कता बनी रहे। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सैनिकों ने इस अवधि में लगभग 60 लाख भोजन का सेवन किया। इसके साथ ही

- डकार गए 20 लाख एनर्जी ड्रिंक, अमेरिकी सैनिकों की खपत को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए

बड़ी मात्रा में निकोटिन उत्पादों की खपत भी दर्ज की गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि लंबे सैन्य अभियानों में केवल हथियार ही नहीं, बल्कि लाजिस्टिक्स और मानव संसाधन भी कितने महत्वपूर्ण होते हैं। पेंटागन ब्रीफिंग के दौरान जनरल कैन ने हल्के अंदाज में कहा कि वे यह नहीं कह रहे कि कोई समस्या है, जिस पर वहां मौजूद लोगों के बीच हल्की मुस्कान देखी गई। लेकिन उन्होंने साफ किया कि यह सैन्य अभियान बेहद कठिन परिस्थितियों में संचालित किया गया। उनके अनुसार, हालात गर्म, अराजक, अंधेरे और अनिश्चित थे, जहां हर पल खतरा बना हुआ था। गौरतलब है कि करीब 40 दिनों तक चले अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष पर फिलहाल विराम लग गया है और सीजफायर लागू हो चुका है। हालांकि, हालात अभी पूरी तरह सामान्य नहीं हुए हैं और वैश्विक स्तर पर फिर से तनाव बढ़ने की आशंका बनी हुई है। इस बीच, डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिक अभी भी अपने ठिकानों पर तैनात हैं और स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उन्होंने संकेत दिया कि केवल एक आदेश के बाद संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में सबसे अधिक दबाव उन सैनिकों पर है, जो दूर-दराज के इलाकों में चुनौतीपूर्ण हालात का सामना कर रहे हैं।



# राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी के मेकर्स ने राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने फिल्म राजा शिवाजी का शानदार पोस्टर जारी करने के बाद अब दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। मेकर्स ने फिल्म के राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्देशन, लेखन, निर्माण और मुख्य भूमिका निभा रहे रितेश विलासराव देशमुख इस एंथम में छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। वीडियो में फिल्म के भव्य म्यूजकिल विजन की झलक देखने को मिलती है, जो इस ऐतिहासिक फिल्म के स्तर को और ऊंचा बनाती है। वीडियो में अजय-अतुल और उनकी टीम की मेहनत साफ नजर आती है। राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का दमदार संगीत और ऊर्जावान साउंड इसे बड़े पर्दे पर देखने का शानदार अनुभव बनाने का वादा करता है। इसका मुख्य कोरस पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अजय-अतुल द्वारा कंपोज और गाया गया राजा शिवाजी एंथम छत्रपति 13 अप्रैल को रिलीज होगा। फिल्म राजा शिवा. जी में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र, अमोल गुप्ते, जिनिलीया देशमुख और रितेश विलासराव देशमुख नजर आएंगे।

# प्रभास और आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर मचाया धमाल





**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास और बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। यह चर्चा तब शुरू हुई जब संदीप रेड्डी वांगा ने धुरंधर 2 को लेकर एक ट्वीट किया, जिस पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए प्रभास को एक लीजेंड बताया। नेटिजन्स के लिए यह एक छोटा सा इशारा ही काफी था और उन्होंने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि पर्दे के पीछे कुछ बहुत बड़ा पक रहा है। हालांकि अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन फैंस इन छोटे-छोटे हिट्स को पकड़ रहे हैं और कल्पना कर रहे हैं कि यह भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े कॉम्बिनेशंस में से एक हो सकता है। सोशल मीडिया पर रिएक्शंस की बाढ़ आ गई है, जहां फैंस इसे ड्रीम कोलैब कह रहे हैं जो बड़े पैमाने पर सिनेमा और कहानी कहने के तरीके को बदल सकता है। कई लोगों का मानना है कि प्रभास की लार्जर-दैन-लाइफ स्क्रीन प्रेजेंस और आदित्य धर का दमदार निर्देशन मिलकर एक ऐसा सिनेमाई चमत्कार पेश कर सकते हैं जो पहले कभी नहीं देखा गया। इस संभावित कोलैबोरेशन के स्केल को लेकर इंटरनेट पर चर्चाएं छाई हुई हैं।अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन बढ़ती चर्चाओं ने एक बात साफ कर दी है, दर्शक प्रभास और आदित्य धर को साथ देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# सलमान स्टारर मातृभूमि-मेय वॉर रेस्ट इन पीस का गाना लॉन्च

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक ने अपनी फिल्म मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस का नया गाना मेरा जी नहीं भरा रिलीज कर दिया है। जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया यह गाना युद्ध की अफरा-तफरी के बीच पनपते खूबसूरत प्यार को बखूबी दिखाता है। सोशल मीडिया पर इस गाने को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मेरा जी नहीं भरा एक प्यारा सा रोमांटिक गाना है जो फिल्म की कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है। इसके विजुअल्स आंखों को सुकून देने वाले हैं और बैकग्राउंड्स काफी शानदार हैं, जो लीड जोड़ी की केमिस्ट्री को और भी निखारते हैं और फिल्म की दुनिया में एक इमोशनल गहराई जोड़ते हैं। श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा इस दिल छू लेने वाले गाने के लिए साथ आए हैं। इस ट्रैक को शमीर टंडन और कुमार गौरव सिंह ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल विश्वदीप जीस्त ने लिखे हैं। शबीना खान की कोरियोग्राफी इस गाने में एक अलग ही खूबसूरती और ग्रेस जोड़ती है। फर्रे और क्लास व स्ट्रेंज सिटी जैसी ओटीटी सीरीज के लिए पहचाने जाने वाले जैन इस रोल के साथ अपनी वर्सेटिलिटी (बहुमुखी प्रतिभा) दिखा रहे हैं।



# नुसरत भरुचा का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान

**मुंबई।** फिल्म छोरी 2 को रिलीज हुए एक साल हो गया है, लेकिन आज भी नुसरत भरुचा की परफॉर्मेंस को काफी याद किया जाता है और उसकी वजह है उनका कुछ अलग करने का चुनाव है। आमतौर पर फिल्म इंडस्ट्री में जहां कलाकार अक्सर उसी रास्ते पर चलते हैं, जो काम कर रहा हो, वहां नुसरत ने धीरे-धीरे उस दायरे से बाहर निकलने का फैसला किया। सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों से एक जाना पहचाना चेहरा बनने के बावजूद, उन्होंने उसी स्पेस में बने रहने की बजाय छोरी के साथ एक बड़ा मोड़ लिया और यह मोड़ था एक फीमेल-लीड हॉरर फिल्म का, जो लगभग पूरी तरह उनकी परफॉर्मेंस पर टिकी थी। हालांकि छोरी 2 के साथ उन्होंने इस सफर को और आगे बढ़ाया, जहां कहानी ज्यादा इंटेंस और इमोशन से भरपूर हो गई। छोरी 2 को रिलीज हुए आज एक साल हुए हैं और आज भी यह फिल्म उनके दर्शकों के मन में जस की तस बनी हुई है और उसकी वजह है नुशरत भरुचा की पर्फोर्मेंस। छोरी और छोरी 2 की सबसे बड़ी ताकत यही रही कि नुसरत सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं थीं, बल्कि उन्होंने उसे अपने कंधों पर उठाया। उनका किरदार साक्षी एक टिपिकल कमर्शियल हीरोइन जैसा नहीं है, जो बेबाक और निडर है। वह कमजा. ेर भी है और डरी हुई भी, लेकिन अंदर से मजबूत भी है और यही बैलेंस कहानी को दिलचस्प बनाता है। छोरी 2 में यह इमोशनल गहराई और भी अहम हो जाती है, क्योंकि फिल्म ज्यादा डार्क और साइकोलॉजिकल टेरिटरी में जाती है, और नुशरत हर मुश्किल मोमेंट को मजबूती से संभालती नजर आती हैं। यदि नुसरत के फिल्मी चुनावों को देखा जाए, तो एक साफ पैटर्न नजर आता है और वो यह है कि वे सेफ खेलने के बजाय, हमेशा से ऐसे रोल चुनती आई हैं, जिनमें एक तरह का रिस्क शामिल हो। चाहे जनहित में जारी हो के जरिए सामाजिक मुद्दे को उठाना हो या छोरी और छोरी 2 के जरिए हॉरर में एक मजबूत मैसेज के साथ एक्सपेरिमेंट करना हो, उन्होंने रिपीट करने की बजाय एक्सप्लोर करने का रास्ता चुना है।फिर भी, इन सबके बावजूद, वह अक्सर सबसे ज्यादा शोर-शराबे वाली चर्चाओं



का हिस्सा नहीं बनतीं। शायद इसलिए क्योंकि उनका बदलाव अचानक या ओवर-मार्केटेड नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे और नेचुरल तरीके से हुआ है। लेकिन यही बात उनके सफर को खास भी बनाती है। यह किसी प्लान्ड रीइंवेंशन जैसा नहीं, बल्कि एक ऑर्गेनिक ग्रोथ जैसा लगता है। आज छोरी 2 के एक साल बाद, नुसरत भरुचा एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में सामने आती हैं, जो अपने कम्फर्ट जोन से बाहर जाने से नहीं डरतीं। ऐसे समय में जब दर्शक नए जॉनर और मजबूत कहानियों के लिए ज्यादा खुले हैं, उनका यह अप्रोच उनकी क्रेडिबिलिटी को और मजबूत बनाता है।

# इलजाम में वकील की भूमिका निभाएंगी न्यारा



**मुंबई।** अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी अपने आने वाले प्रोजेक्ट इलजाम में वकील की भूमिका निभाती नजर आएंगी। खास बात यह है कि यह किरदार न्यारा एम बनर्जी के लिए सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि उनकी असल जिंदगी से गहराई से जुड़ा हुआ है। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में आने से पहले न्यारा ने कानून की पढ़ाई की थी। उन्होंने कभी वकील बनने का रास्ता चुना था, लेकिन बाद में उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अब इलजाम में एक वकील का किरदार निभाना उनके लिए मानो एक फुल सर्कल मोमेंट है। इलजाम के साथ न्यारा न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता का नया पहलू दिखा रही हैं, बल्कि अपने अतीत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को फिर से जी रही हैं,जो इस भूमिका को और भी खास और दिलचस्प बनाता है। सूत्रों के अनुसार, इलजाम में न्यारा एम बनर्जी का किरदार कई दमदार और प्रभावशाली पलों से भरा होगा, जो न्याय और आवाज की ताकत को उजागर करेगा। यह उनके करियर में एक नया मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह अधिक गंभीर व प्रदर्शन-प्रधान अवतार में नजर आएंगी।

# राणाबाली के लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी : राहुल सांकृत्यायन

**मुंबई।** निर्देशक राहुल सांकृत्यायन का कहना है कि फिल्म राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राणाबाली साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसमें पर्दे की मशहूर जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर साथ आ रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी और राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म ने दर्शकों के बीच पहले ही जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। राहुल सांकृत्यायन ने खुलासा किया कि राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राहुल सांकृत्यायन ने उन्होंने रिसर्च के लिए इतिहासकारों, कवियों से बात की और पुराने रिकॉर्ड्स खंगाले। इतिहास कई रूपों में मौजूद है, सिर्फ किताबों में ही नहीं, बल्कि उन कहानियों में भी जो गांवों और रीति-रिवाजों के जरिए हम तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा, मद्रास प्रेसीडेंसी, जिसमें आज का चेन्नई, तेलुगु क्षेत्र और बेंगलुरु शामिल हैं के पास संघर्ष और जुझारूपन की अपनी अनकही कहानियां हैं। हम शायद ही कभी मुख्यधारा की कहानियों में इन्हें सुनते हैं।ष उन्होंने साझा किया कि फिल्म के कुछ सबसे दमदार पल उन्हें भूले-बिसरे गांवों और छिपे हुए अभिलेखागारों से मिले हैं। ऐसा ही एक किस्सा उनके पिता के गांव की यात्रा का था, जहां उन्होंने एक लंबे समय से भूले हुए रीति-रिवाज को फिर से जीवित होते देखा और इसी अनुभव ने फिल्म के क्लाइमेक्स को प्रेरित किया। राहुल सांकृत्यायन ने राणाबाली के पीछे की प्रेरणा के बारे में खुलकर बात की और खुलासा किया कि यह फिल्म 19वीं सदी के रायलसीमा की वास्तविक घटनाओं पर गहराई से आधारित है। यह असल कहानियां ही उनकी इस आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा की नींव हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108